ज्ञानामृत
लक्ष्मी शुभ कार्य से उत्पन्न होती है, चतुरता से बढ़ती है, अत्यन्त निपुणता से, जड़े जमाती है और संयम से स्थिर रहती है।
▸▸ महात्मा विदुर

# विजय मत

राष्ट्र को समर्पित
मप्र और छत्तीसगढ़ से एक साथ प्रकाशित

www.vijaymat.com | भोपाल, सोमवार, 7 अप्रैल 2025 | वर्ष- 10 | अंक- 112 | पेज- 08 | मूल्य- ₹5.00/-

### मुख्यमंत्री ने मैहर जिले को दी 71 करोड़ लागत के विकास कार्यों की सौगात

## मैहर में जल्द होगा माँ शारदा लोक का निर्माण: सीएम मोहन


नवरात्र के नौवे दिन मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मैहर में माँ शारदा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की।

**विजय मत, ब्यूरो मैहर**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मैहर में माँ शारदा देवी का भव्य शारदा लोक का निर्माण किया जायेगा। इसी तरह चित्रकूट में वनवासी भगवान श्रीराम लोक का भी निर्माण होगा। आज रावनवमीं पर पूरी अयोध्या जगमग है तो भगवान श्रीराम की कर्मभूमि चित्रकूट भी आज लाखों दीपों से जगमग होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बहनों की माँग पर मैहर सहित प्रदेश के 19 धार्मिक क्षेत्रों में शराबबंदी कर दी है। मैहर में शीघ्र ही कलेक्ट्रेट भवन का निमार्ण कार्य शुरू किया जायेगा। इसी साल बरगी बांध से माँ नर्मदा का जल मैहर क्षेत्र में सिंचाई के लिए पहुंचाया जायेगा। प्रदेश में सिंचाई के क्षेत्र में तेजी से प्रगति हुई है। वर्ष 2003 में केवल 7 लाख हेक्टेयर में सिंचाई सुविधा थी, जिसे 55 लाख हेक्टेयर तक बढ़ाया गया है। विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से अगले 5 साल में प्रदेश में 1 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। मैहर में 250 एकड़ क्षेत्र में विशाल गौशाला का निर्माण भी किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को मैहर में रामनवमीं के दिन माँ शारदा मंदिर में दर्शन कर आमसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि माँ शारदा की कृपा से मैहर जिले को मॉडल के रूप में विकसित किया जायेगा। रामनवमीं पर माँ शारदा से मुझे आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला है।

## पीएम मोदी ने रामेश्वरम् में देश को सौंपा पहला वर्टिकल लिफ्ट पंबन सी ब्रिज




**रामेश्वरम, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के रामेश्वरम में भारत के पहले वर्टिकल लिफ्ट समुद्री ब्रिज पंबन का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने राज्य में कई अन्य विकास परियोजनाओं की शुरुआत भी की। समुद्र के ऊपर बना यह रेलवे ब्रिज अतीत और भविष्य को जोड़ता है। इसे राम नवमी के दिन जनता के सामने पेश किया गया। इस दौरान पीएम मोदी के वहां होने से रामेश्वरम में सुरक्षा बढ़ा दी गई। दोपहर करीब 1 बजे प्रधानमंत्री ने नए पंबन रेलवे पुल को जनता को समर्पित किया। उन्होंने रामेश्वरम से तांब्रम (चेन्नई) के बीच एक नई ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाई। साथ ही उन्होंने एक तटरक्षक जहाज को भी रवाना किया। यहां से पीएम मोदी रामेश्वरम के प्रसिद्ध रामनाथस्वामी मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने भगवान के दर्शन और पूजा-अर्चना की। उन्होंने 8,300 करोड़ रुपये से अधिक की रेलवे और सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण भी किया। नए पंबन ब्रिज का निर्माण रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) ने किया है। यह रेल मंत्रालय के अधीन एक नवरत्न कंपनी है। ब्रिज निर्माण के दौरान पर्यावरणीय प्रतिबंध, समुद्र की तेज लहरें, तेज हवाएं और खराब मौसम जैसी कई चुनौतियां आईं।

## न्यूज इन शॉर्ट

### खाद्यान्न उत्पादन में इफको की भूमिका सराहनीय: अमित शाह

**गांधीनगर, एजेंसी।** केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने खाद्यान्न उत्पादन में इफको की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि इफको ने भारत को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। शाह ने बताया कि इफको ने



रासायनिक उर्वरकों से नैनो और जैव उर्वरकों की ओर कदम बढ़ाया है। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने रविवार को गांधीनगर में भारतीय किसान उर्वरक सहकारी लिमिटेड (इफको) की कलोल इकाई के स्वर्ण जयंती समारोह में एक सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने इफको के बीज अनुसंधान केंद्र की आधारशिला भी रखी। इस दौरान शाह ने कहा, चाहे किसानों की मदद करने की बात हो, अनुसंधान, विकास, विपणन, ब्रांडिंग और हर घर तक पहुंचने की बात हो, इसको ने ऐसी दक्षता दिखाई है कि कोई बी कॉर्पोरेट कंपनी शर्मिंदा हो जाएगी।

### मेटा सीईओ जुगनबर्ग ने किया दो नए एआई मॉडल्स का ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मेटा के सीईओ मार्क जकनबर्ग की तरफ से एक बड़ा ऐलान किया है और उन्होंने बताया कि कंपनी ने अपने लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) Llama के तहत दो नए मॉडल अनवील किया है। इन



मॉडल्स के नाम Llama4Scout और Llama4Maverick. आने वाले दिनों में दो और मॉडल्स को पेश किया जाएगा। मार्क जकनबर्ग ने इनको लेकर खुद इंस्टाग्राम प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो शेयर किया है। उन्होंने वीडियो में दो Llama 4 मॉडल्स की जानकारी दी और बताया कि यह गूगल के जैमिनी और ओपन एआई के चैटजीपीटी 4.0 को टकर देंगे। बताते चलें कि मेटा का Llama एक मल्टीमॉडल एआई सिस्टम है। यह सिस्टम अलग-अलग डेटा को प्रोसेस कर सकता है, जिसमें टेक्सल्ट, वीडियो, इमेज और ऑडियो आदि शामिल हैं।

### पीएम के दौरे के बाद श्रीलंका ने 11 भारतीय मछुआरों को किया रिहा

**कोलंबो, एजेंसी।** भारत ने एक बार फिर अपनी ताकत दिखाई है। पीएम मोदी के मछुआरों के मुद्दे को मानवीय दृष्टिकोण से हल करने की वकालत करने के बाद श्रीलंका ने विवादित मसले का समाधान किया है। प्रधानमंत्री मोदी



के भारत लौटने से पहले ही श्रीलंका ने जेल में बंद 11 भारतीय मछुआरों को रिहा कर दिया। शनिवार को पीएम मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के बीच बातचीत के दौरान मछुआरों का मुद्दा प्रमुखता से उठा था। इस मामले को लेकर पीएम मोदी ने कहा था कि हमने मछुआरों की आजीविका से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की। हम इस बात पर सहमत हुए कि हमें इस मामले में मानवीय दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। हमने मछुआरों और उनकी नावों की तत्काल रिहाई पर भी जोर दिया।

### स्वास्थ्य विशेषज्ञों के लिए गंभीर चिंता का कारण बनी हार्ट अटैक की ताजा घटनाएं

# सावधान.....! 20 से कम उम्र वाले भी हो रहे हैं हार्ट अटैक का शिकार

**हेल्थ डेस्क, विजय मत डॉट कॉम**

हार्ट अटैक वैश्विक स्तर पर बढ़ती स्वास्थ्य समस्या है, जो समय के साथ अब स्वास्थ्य विशेषज्ञों के लिए गंभीर चिंता का कारण बनती जा रही है। ये अब सिर्फ उम्र बढ़ने के साथ होने वाली समस्या नहीं रह गई है, कम उम्र के लोग (यहां तक कि 20 से भी कम उम्र में) भी हार्ट अटैक का शिकार हो रहे हैं। हाल ही के दो मामलों ने स्वास्थ्य विशेषज्ञों को सोचने पर मजबूर कर दिया है कि क्या ये समस्या महामारी का रूप ले लेगी?



**1 पहला मामला मध्यप्रदेश के इंदौर का है।** यहां द्वारकापुरी क्षेत्र में एक 18 साल के युवक की हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। रात को उसे सीने में तेज दर्द उठा और घबराहट महसूस हुई। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मेडिकल रिपोर्ट में मौत की वजह हार्ट अटैक बताई। परिजनों ने बताया कि रामनवमी की पूर्व संध्या पर घर में पूजा रखी थी। युवक भी उसमें शामिल हुआ था। रात तक वह सामान्य नजर आ रहा था, लेकिन रात ढाई बजे वह जागा और सीने में दर्द की शिकायत करने लगे। कुछ देर बाद वह बेहोश हो गया था।

**2 दूसरा मामला महाराष्ट्र के धाराशिव जिले के शिंदे कॉलेज का है** जहां फेयरवेल के दौरान मंच पर स्पीच दे रही 20 वर्षीय छात्रा की अचानक गिरने के बाद मौत हो गई। वायरल वीडियो में छात्रा स्पीच दे रही होती है लेकिन कुछ ही पलों में मंच पर गिर जाती है। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित किया, मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है। वर्षा की आठ साल की उम्र में हार्ट सर्जरी भी हुई थी, लेकिन फिलहाल वह ठीक थी।

**हार्ट अटैक के बढ़ते मामलों ने डराया...** पिछले कुछ वर्षों के डेटा पर नजर डालें तो पता चलता है कि खेलते-दौड़ते, ऑफिस में आराम से काम करते-करते कई लोगों की हार्ट अटैक या कार्डियक अरेस्ट से मौत हुई है। आश्चर्यजनक रूप से इसमें बड़ी संख्या ऐसे लोगों की भी है जिनकी उम्र 30 से कम है। जब भी बात हृदय को स्वस्थ रखने की आती है तो लोगों को आहार को ठीक रखने और नियमित व्यायाम करने की सलाह दी जाती है। हालांकि पिछले दिनों में कुछ ऐसी भी खबरें सामने आईं जिसमें नियमित योग करने वाले और शारीरिक रूप से फिट रहने वाले खिलाड़ियों को भी हार्ट अटैक हुआ।

### फिटनेस को लेकर अलर्ट रहने वालों में बढ़े अटैक के मामले

- मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध योग गुरु और वरिष्ठ पशु चिकित्सक डा. पवन सिंहल की हाल ही में साइलेंट हार्ट अटैक से मौत हो गई। डॉ. पवन सिंहल अपनी सादगी और स्वस्थ जीवन शैली के लिए मशहूर थे। डॉ. सिंहल ने वर्ष 2022 में 11 घंटे में 100 किमी की दौड़ का रिकॉर्ड बनाया था। वह नियमित रनिंग और योग करते थे।
- इसी तरह एक अन्य मामले में बांग्लादेश के पूर्व क्रिकेटर तमीम इकबाल को भी एक मैच के दौरान हार्ट अटैक हुआ, तुरंत उपचार मिलने के कारण वह फिलहाल ठीक हैं।
- फिटनेस एक्सपर्ट्स और खिलाड़ियों को हार्ट अटैक होने की घटनाओं ने लोगों के मन में कई तरह के सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर ये मामले इतनी तेजी से क्यों बढ़ते जा रहे हैं।

### नेताओं को गडकरी की नसीहत

## पार्टी और कार्यकर्ताओं को अपना परिवार समझें

**नागपुर, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को कहा कि एक राजनीतिक नेता के लिए पार्टी उसके परिवार की तरह होनी चाहिए। उसे पार्टी कार्यकर्ताओं को अपने परिवार के सदस्य की तरह समझना चाहिए। नितिन गडकरी नागपुर शहर में भाजपा के नए कार्यालय की आधारशिला रखने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले भी मौजूद थे। गडकरी ने कहा, एक नेता के लिए उसकी पार्टी उसके परिवार की तरह होनी चाहिए और पार्टी के कार्यकर्ता परिवार के सदस्यों की तरह। आपको पार्टी कार्यकर्ताओं से वैसा ही प्यार करना चाहिए, जैसा आप अपने बच्चों से करते हैं। उन्होंने कहा कि उनके और फडणवीस जैसे नेताओं को आज जो कुछ भी बनना है, उसके लिए पार्टी कार्यकर्ताओं की मदद अनिवार्य है। हमें जो कुछ भी मिला है, वह शुरू से ही असंख्य पार्टी कार्यकर्ताओं के समर्पण और बलिदान के बिना संभव नहीं था।



### भाजपा कार्यकर्ता होना हमारी जाति

गडकरी ने आगे कहा कि कोई भी व्यक्ति अपनी जाति के कारण बड़ा नहीं होता है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता होना हमारी जाति (पहचान) है। उन्होंने कहा कि भाजपा का उद्देश्य राष्ट्र का समग्र विकास है। नागपुर से लोकसभा सांसद ने कहा, हमारे लिए राष्ट्र सबसे पहले और हर चीज से ऊपर है। गडकरी ने यहां नए भाजपा कार्यालय के निर्माण के लिए व्यक्तिगत रूप से 25 लाख रुपये का योगदान भी दिया।

## भारत को अभी तक नहीं मिला टॉप ग्लोबल यूनिवर्सिटी का कैंपस, और प्रयासों की जरूरत: संसदीय पैनल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत को अब तक किसी भी अग्रणी वैश्विक विश्वविद्यालय, यहां तक कि आइवी लीग संस्थानों से भी अपना परिसर नहीं मिला है। संसद की एक समिति ने इस पर चिंता जताते हुए कहा है कि भारत को इस दिशा में और सक्रिय प्रयास करने की जरूरत है। समिति ने अपनी रिपोर्ट इस हफ्ते की शुरुआत में राज्यसभा में पेश की, जिसमें यह बात सामने रखी गई। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि हाल के वर्षों में विदेशी विश्वविद्यालयों की भारत में कैंपस खोलने की दिलचस्पी बढ़ी है। इसकी एक वजह भारत का बड़ा छात्र वर्ग और सरकार द्वारा सहयोगी कार्यक्रमों व संयुक्त डिग्री पाठ्यक्रमों को बढ़ावा देने की पहल है। रिपोर्ट में कहा गया है, हालांकि, भारत को अभी तक किसी भी अग्रणी वैश्विक विश्वविद्यालय (आइवी लीग्स, न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय, कार्नेगी मेलन विश्वविद्यालय, आदि) से परिसर प्राप्त करना बाकी है। समिति अनुशंसा करती है कि उच्च शिक्षा विभाग को देश के छात्रों के लिए सर्वोत्तम वैश्विक संसाधनों तक अधिक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए इसे सुरक्षित करने के प्रयास करने चाहिए।

### वीडियो वायरल होने पर वन विभाग ने की कार्रवाई

## कूनो में चीतों को पानी पिलाने वाले पर गिरी गाज, नौकरी से हटाया

**विजय मत, ब्यूरो जबलपुर**

मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में एक वीडियो वायरल होने के बाद विवाद खड़ा हो गया है। इस वीडियो में एक व्यक्ति चीतों को पानी पिलाते हुए नजर आ रहा है। वायरल वीडियो में कूनो राष्ट्रीय उद्यान की निगरानी टीम का एक सदस्य चीटों को पतीले में पानी पिलाता हुआ दिखाई दे रहा है। वीडियो में वह चीते मित्र..COME...COME बोलकर चीतों को बुलाता है और सभी चीते उसके पास आकर पानी पीने लगते हैं। यह वीडियो जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वन विभाग के अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ड्राइवर सत्यनारायण गुर्जर को नियमों का उल्लंघन करने के कारण नौकरी से हटा दिया है। वन विभाग ने कहा है कि यह वन्य जीव संरक्षण और सुरक्षा के नियमों के खिलाफ है। वन विभाग ने कहा है कि वन्य जीव के साथ किसी भी तरह का इंटरेक्शन प्रतिबंधित है। हालांकि यह कार्य मानवीय उद्देश्य से किया गया था, लेकिन नियमों के उल्लंघन के कारण यह बड़ा मुद्दा बन गया। वन विभाग अब इस मामले की गहरी जांच कर रहा है और अन्य अधिकारियों पर भी कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है। बता दें कि कूनो अभ्यारण पार्क में चीते हाल में ही लाए गए हैं और यहां उनका संरक्षण किया जा रहा है।

## वक्फ बोर्ड को नियंत्रित नहीं करना चाहता केंद्र: नड्डा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार वक्फ बोर्डो को नियंत्रित नहीं करना चाहती, बल्कि यह सुनिश्चित करना चाहती है कि वे कानून के दायरे में काम करें ताकि उनकी संपत्ति का इस्तेमाल मुस्लिम समुदाय की शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए किया जा सके। पार्टी के 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नड्डा ने ये बात कही। उन्होंने कहा कि तुर्की और कई अन्य मुस्लिम देशों की सरकारों ने भी वहां की वक्फ संपत्तियों को अपने नियंत्रण में ले लिया है। उन्होंने कहा, हम केवल उन लोगों से कह रहे हैं जो (वक्फ बोर्ड) संचालन कर रहे हैं कि आप नियमों के अनुसार काम करें। आपको नियमों के अनुसार काम करना होगा। हम वक्फ बोर्ड को नियंत्रित नहीं करना चाहते। हमारा लक्ष्य केवल यह सुनिश्चित करना है कि इसका प्रबंधन करने वाले लोग कानून के दायरे में काम करें और नियमों का पालन करें।



## कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजीव शुक्ला बने सीडब्ल्यूसी के स्थायी सदस्य

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी ने रामनवमी के दिन एक अहम सांगठनिक फैसला लेते हुए वरिष्ठ नेता राजीव शुक्ला को कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) का स्थायी आमंत्रित सदस्य नियुक्त किया है। इस नियुक्ति की जानकारी अखिल भारतीय कांग्रेस समिति (एआईसीसी) की ओर से एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई। प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि यह नियुक्ति कांग्रेस अध्यक्ष के निर्देश पर तत्काल प्रभाव से लागू की गई है। इस जानकारी को कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने अधिकृत रूप से साझा किया।



यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब कांग्रेस संगठनात्मक सुधार और नेतृत्व में मजबूती लाने के प्रयासों में जुटी हुई है।पार्टी का राष्ट्रीय अधिवेशन अहमदाबाद में 9 अप्रैल को होना है। राजीव शुक्ला कांग्रेस के लिए क्राइसेस मैनेजर कहे जाते हैं। हर समस्या के समाधान की चाबी उन्हें कहा जाता है। राजीव शुक्ला ने एक्स पर पोस्ट कर कांग्रेस हाईकमान का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुझे सीडब्ल्यूसी सदस्य के रूप में पार्टी की सेवा करने का अवसर देने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और केसी वेणुगोपाल को बहुत धन्यवाद। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजीव शुक्ला राज्यसभा सांसद हैं और वे बीसीसीआई के उपाध्यक्ष भी हैं। इससे पहले वे दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की कैबिनेट में केंद्रीय राज्य मंत्री रह चुके हैं।

**विजय मत एंकर** अमेरिका स्थित पेन्सिलवेनिया विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं की टीम को मिली बड़ी सफलता

## फ्लू-हर्पीज वायरस से 95% तक सुरक्षित रखने वाली च्युइंग गम तैयार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इन्फ्लूएंजा (फ्लू) और हर्पीज वायरस के कारण हर साल लाखों लोग संक्रमण का शिकार होते हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि वैश्विक स्तर पर मौसमी इन्फ्लूएंजा हर साल लगभग एक अरब लोगों को संक्रमित करता है, जिसके कारण करीब 6.50 लाख लोगों की श्वसन संबंधी जटिताओं से मृत्यु हो जाती है। 65 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों में फ्लू के गंभीर रूप लेने और इसके कारण जान-जाने का खतरा अधिक देखा जाता रहा है। इसी तरह हर्पीज संक्रमण के कारण भी हर साल लाखों लोगों को संक्रमित पाया जाता है। अमेरिका स्थित पेन्सिलवेनिया विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं की टीम ने एक विशेष प्रकार का च्युइंग गम विकसित किया है जो हर्पीज और फ्लू वायरस के प्रसार को कम करने में मदद कर सकता है। इस गम के परीक्षण में पाया गया है कि ये च्युइंग गम इन वायरल संक्रमण के लोड को 95 फीसदी तक कम कर सकता है। वैज्ञानिकों की टीम इस खोज को बड़ी सफलता के रूप में देख रही है, जो वायरल संक्रमणों को रोकने के तरीके को नया आकार दे सकती है। अध्ययन में पाया गया है कि हर्पीज सिम्प्लेक्स वायरस (एचएसवी-1 और एचएसवी-2) और इन्फ्लूएंजा-ए स्ट्रेन (एच1एन1 और एच3एन2) दोनों के वायरल लोड को कम करने में इस च्युइंग गम से लाभ पाया जा सकत है। हर साल मौसम बदलने के साथ इन्फ्लूएंजा के मामले काफी तेजी से बढ़ने लगते हैं। वायरल संक्रमण के खतरे को कम करने के लिए स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों का सालाना इन्फ्लूएंजा वैक्सीन लगाने की सलाह देते हैं, हालांकि सीमित टीकाकरण कवरेज के कारण बड़ी संख्या में लोग वैक्सीनेशन से चूक जाते हैं। वहीं हर्पीज संक्रमण से बचने के लिए अभी तक कोई वैक्सीन नहीं है।



**कैसे बनाया गया गम...** इन्फ्लूएंजा मुख्यरूप से श्वसन संक्रमण है जबकि हर्पीज सिम्प्लेक्स वायरस संक्रमित व्यक्ति के मुंह-त्वचा के संपर्क में आने से फैलता है। वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए वैज्ञानिकों की टीम ने ऐसा तरीका ढूंढने पर ध्यान दिया जहां से दोनों वायरस सबसे ज्यादा फैलते हैं। इसके लिए वैज्ञानिकों ने लैबलैब बीन्स जिसे लैबलैब पर्पुरियस के नाम से भी जाना जाता है इसका उपयोग करके च्युइंग गम बनाया, जिसमें स्वाभाविक रूप से फ्रिल नामक एक विशेष प्रोटीन होता है। यह प्रोटीन वायरस को बढ़ने से रोकने और उसे बेअसर करने में मदद कर सकता है।

**कैसे होगा इसका असर...** जब आप इस गम को चबाएंगे तो इससे लगातार एंटीवायरल प्रोटीन रिलीज होता रहेगा, जो वायरस को शरीर में बढ़ने से पहले ही बेअसर कर देगा। प्रयोगशाला में दो ग्राम की एक च्युइंग गम को वायरल संक्रमण के जोखिमों को कम करने में 95' तक कारगर पाया गया है। शोधकर्ताओं का दावा है कि यह मानव उपयोग के लिए बिल्कुल सुरक्षित है। पेन स्कूल ऑफ डेंटल मेडिसिन के प्रोफेसर हेनरी डैनियल ने कहा, इसके परिणाम आशाजनक हैं। अभी इंसानों पर इसके व्यापक परीक्षण किए जाने हैं जिससे प्रभाविकता का और अच्छी तरह से आंकलन किया जा सके।

कार्यालय: भोपाल ■ शहडोल ■ इंदौर ■ जबलपुर ■ होशंगाबाद ■ विदिशा ■ सीहोर ■ बैतूल ■ छिंदवाड़ा ■ ग्वालियर ■ ब्यौहारी ■ अनूपपुर ■ उमरिया ■ सीधी ■ सिंगरौली ■ रीवा ■ सतना ■ बालाघाट ■ सिवनी ■ कटनी ■ सागर ■ मुलताई ■ मुरैना ■ टीकमगढ़ ■ रायपुर ■ बिलासपुर ■ भिलाई

## न्यूज इन शॉर्ट




### घास में आराम करते हुए पर्यटकों को दिखा बाघ

उमरिया। ताला जोन में पर्यटकों को घास पर आराम फरमाते एक बाघ दिखाई दिया , जिसे देख पर्यटक रोमांचित हो उठे। वही दूसरी तरफ हाथियों के दल को भी देखकर पर्यटकों का दिल खुश हो गया। विदित हो कि देशी एवं विदेशी सैलानियों का सबसे पसंदीदा स्थल बांधवगढ टाइगर रिज़र्व रहा है। यहाँ बाघों की गर्जना,हाथी के चिंघाड़ के अलावा पक्षियों की मीठी आवाज़ें घनघोर जंगल को और खुशनुमा बनाती है।प्र.ति प्रेमियों के लिए भी लंबे वर्षों से बांधवगढ टाइगर रिज़र्व अनमोल तोहफा रहा है।

### नमन का नवोदय में हुआ चयन

उमरिया। नगर के प्रतिष्ठित व्यवसाई शंभूदयाल शर्मा के सुपुत्र



नमन शर्मा उम्र 10वर्षीय का जवाहर नवोदय विद्यालय (पाली) की छठवीं कक्षा के लिए चयन हुआ है । साथ ही डीपीएस स्कूल महरोई से मध्य प्रदेश बोर्ड की पांचवी कक्षा में 90 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल में सर्वोच्च स्थान (टॉप) हासिल किया।उनकी इस उपलब्धि पर राकेश शर्मा,देवानंद स्वामी, संतोष गुप्ता, धनुषधारी सिंह चंदेल मानसिंह, नीरज चांदनी, अतुल जैन,किशोर अग्रवाल, श्याम बगड़िया,राकेश राउत के साथ सभी नगर वासियों ने अपनी बधाई शुभकामनाएं देते हुए नमन शर्मा के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### चंदिया में तीन दिवसीय उर्स 9 अप्रैल से



उमरिया। जिले के चंदिया स्थित हजरत नौगजा शाहदाता रहमतुल्लाह अलैह के आस्ताने मे होने वाले उर्स का आयोजन आगामी 9, 10 तथा 11 मई को किया जायेगा। उर्स कमेटी के अध्यक्ष अब्दुल नसीब खान व सेकेट्री असफाक खान ने इस संबंध मे जानकारी देते हुए बताया कि नगर मे उर्स के आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। गौरतलब है कि चंदिया मे करीब 98 सालों से उर्स का आयोजन होता चला आ रहा है। इस मौके पर देश के ख्याति प्राप्त कब्वालों का आगमन होगा। जो तमाम रात अपनी प्रस्तुतियां देंगे। आयोजन समिति के मुताबिक उर्स की शुरूआत 9 मई को मजार ए पाक मे शाही बादर संदल पेश करने से होगी। 10 मई को सिराज चिश्ती कव्वाल गुजरात व गीता चिश्ती दिल्ली एवं 11 मई को नौशाद अली खान व गुलजार नाजा मुंबई द्वारा तमाम रात शानदार कब्वाली प्रस्तुत की जायेगी। इस मौके पर लाखों की तादाद मे देश के कोने-कोने से श्रद्धालु यहां पहुंचते है। कमेटी द्वारा आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त व्यवस्था की जाती है। कमेटी ने उर्स मे अधिक से अधिक संख्या मे पहुंच कर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

### हिस्सा बाट को लेकर हुई मारपीट , मामला कायम

उमरिया। चंदिया थाना अंतर्गत ताला हार ग्राम कोयलारी में हिस्सा बाट को लेकर गाली गालौज करने, मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी अनुसार दीपनारायण कुशवाहा पिता हरी सिंह कुशवाहा उम्र 50 साल निवासी ग्राम कोयलारी की शिकायत पर आरोपी बाबू लाल पिता हरी सिं, विक्रम सिंह पिता हरी सिंह, कुसुमलता पति विक्रम सिंह कुशवाहा, सुनीता पति बाबूलाल कुशवाहा सभी निवासी कोयलारी पर पुलिस ने मामला कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है। इसी तरह बाबू लाल कुशवाहा पिता हरी सिंह की शिकायत पर पुलिस ने दीपनारायण कुशवाहा पिता हरी कुशवाहा, गोना बाई कुशवाहा पर भी मामला कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

### जान से मारने की धमकी देने पर मामला कायम

उमरिया । पाली थाना अंतर्गत ग्राम हथपुरा में आरोपी व्दारा फरियादी से गाली गालौज करते हुए मारपीट की गई एवं जान से मारने की धमकी दी गई। जानकारी अनुसार संजू खटिक पिता कन्हैया खटिक उम्र 47 साल निवासी वार्ड क्रमांक 7 झिरिया मोहल्ला पाली की शिकायत पर पुलिस ने सुनील खटिक पर मामला कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

### अपनी मिट्टी अपना जल के लिए बोरी बंधान हेतु लक्ष्य आवंटित

उमरिया । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि अपनी मिट्टी अपना जल के लिए बोरी बंधान हेतु लक्ष्य आवंटित किए गए है जिसमें ग्रामीण विकास विभाग को 20 का लक्ष्य, शहरी विकास विभाग को 10 का लक्ष्य, वन विभाग को 10 का लक्ष्य, लोक स्वा0 यांत्रिकीय विभाग को 10 का लक्ष्य, खनिज विभाग को 10 का लक्ष्य, जल संसाधन विभाग को 10 का लक्ष्य, लोक निर्माण विभाग, पीआईयू विभाग को 10 का लक्ष्य, प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक योजना को 10 का लक्ष्य तथा .षि विभाग को 10 का लक्ष्य शामिल है। अभियान के तहत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमरिया नोडल अधिकारी, जिला शहरी विकास अभिकरण सहायक नोडल अधिकारी रहेगे ।

---

#### बिरसिंहपुर पाली स्थित मां विरासिनी धाम मंदिर में बोये गये जवारों का विसर्जन आज किया जाएगा

# काली नृत्य के साथ आज निकलेगा पाली का ऐतिहासिक जवारा

**विजय मत, उमरिया।**



चैत्र नवरात्रि के आखिरी दिन आज 7 अप्रैल को जिला मुख्यालय सहित अन्य देवी मंदिरों , घरों में स्थापित किए गए जवारों कलशों का विसर्जन आज होगा । जिला मुख्यालय के ज्वालामुखी मंदिर, शारदा देवी मंदिर, वैष्णो देवी मंदिर, अन्न पूर्णा मंदिर सहित घरों मे स्थापित किए गए जवारा कलशों का विसर्जन आज काली नृत्य के साथ किया जाएगा। इसके साथ ही बिरसिंहपुर पाली स्थित मां विरासिनी धाम मंदिर में बोये गये जवारों का विसर्जन आज किया जाएगा। सर्व प्रथम काली माता की विशेष अर्चना की जाएगी तत्पश्चात यह जवारा मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गो का भ्रमण करते हुए सगरा तालाब पहुंचेगा जहां विधि विधान के साथ जवारा कलशों का विसर्जन किया जाएगा। विदित हो कि पाली का जवारा जुलूस ऐतिहासिक होता है। इस कार्यक्रम में उमरिया जिले सहित विभिन्न जगहों से श्रध्दालुगण भी आते है । रामनवमी के दिन मंदिरों तथा घरों में कन्या भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें देवी स्वरूप छोटी छोटी कन्याओं की पूजा अर्चना कर उन्हें भोज कराया गया तथा उपहार भेंट किया गयां ।

### लोकप्रिय गायिका बाली ठाकरे की प्रस्तुति

जिले के बिरसिंहपुर पाली में आयोजित होने वाले बिरासिनी माता के जवारे विसर्जन कार्यक्रम में इस वर्ष भव्य आयोजन किया जा रहा है। नगर पालिका परिषद पाली के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में लोकप्रिय गायिका बाली ठाकरे अपनी सुमधुर आवाज से भक्तों को मंत्रमुग्ध करेंगी। कार्यक्रम का आयोजन 7 अप्रैल को मेला ग्राउंड में किया जाएगा, जो शाम 8 बजे से शुरू होगा। बिरासिनी माता के जवारे विसर्जन का यह आयोजन प्रतिवर्ष श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहता है। इस बार नगर पालिका परिषद ने इसे और भव्य रूप देने के लिए विशेष तैयारियां की हैं। भक्ति संगीत से सराबोर इस कार्यक्रम में बाली ठाकरे की विशेष प्रस्तुति होगी, जो अपनी सुरीली आवाज और भजनों के लिए पूरे क्षेत्र में प्रसिद्ध हैं। हर वर्ष की तरह इस बार भी बिरासिनी माता के जवारे विसर्जन के दौरान नगर में विशाल जवारा जुलूस निकाला जाएगा । नगर पालिका परिषद पाली द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा, यातायात, पेयजल और साफ-सफाई की पुख्ता व्यवस्था की गई है। पुलिस बल भी तैनात रहेगा ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।नगर पालिका परिषद पाली ने समस्त नगरवासियों एवं श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे 7 अप्रैल की शाम 8 बजे मेला ग्राउंड में आयोजित इस भव्य आयोजन में शामिल होकर माता बिरासिनी का आशीर्वाद प्राप्त करें और भक्ति संगीत का आनंद लें।

### चंदिया में देवी जागरण 7 अप्रैल को

चंदिया स्थित मां चंडिका मढ़लिन मंदिर के जवारों का विसर्जन 7 अप्रैल को सायं 4 बजे से आयोजित किया गया है। इस अवसर पर देवी जागरण कार्यक्रम रात्रि 8 बजे से आयोजित किया गया है। देवी जागरण कार्यक्रम में इशरत जहां मुंबई व्दारा देवी गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। भंडारे का आयोजन 8 अप्रैल को किया गया है। मां चंडिका सेवा परिवार ने चंदिया ने अधिक से अधिक संख्या में देवी जागरण कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।

# चैत्र नवरात्र के अवसर पर युवा टीम ने जरुरतमंद बस्तियों में कन्या भोज किया आयोजन

#### नन्ही नन्ही कन्याओं को भेंट किया उपहार, कन्याओं के चेहरे पर आई मुस्कान

**विजय मत, उमरिया।**



चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर उमरिया कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन पर युवा टीम उमरिया के द्वारा अनोखा प्रयास किया गया। युवाओं की टोली ने जरूरतमंद बस्ती पहुंचकर नन्ही नन्ही कन्याओं को चिन्हित कर कन्या भोज का आयोजन किया। कन्या भोजन के उपरांत नन्ही नन्ही कन्याओं को अनेक उपहार भेंट किए गए। नन्ही नन्ही कन्याओं के चेहरे मुस्कान से खिल उठे। इस प्रयास में मुख्य रूप से पुलिस पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी, प्रधान आरक्षक शैलेंद्र कुमार दुबे, रेवा शंकर ,टीम संयोजक हिमांशु तिवारी की उपस्थिति में मां बिरासिनी देवी जी के चित्रपटल पर तिलक, वंदन माला अर्पण, दीप प्रज्वलित व माता का भोग लगाकर कन्या भोज का शुभारंभ किया गया।

पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी ने रामनवमी की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि युवाओं का यह प्रयास सराहनी है। हम सभी को भी युवाओं के ऐसे प्रयासों में अपना योगदान देकर युवाओं का उत्सव वर्धन करना चाहिए । टीम संयोजक हिमांशु तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष जरूरतमंद बस्तियों को चिन्हित कर बस्तियों की नन्ही नन्ही कन्याओं को भी चिन्हित कर कन्या भोज का आयोजन करने के साथ कन्याओं को उपहार भेंट किए गए।उन्होंने बताया कि ने सामाजिक समरसता की भावना को कायम करते हुए भेदभाव रहित, अगड़ी पिछड़ी की भावना को दूर करने का संदेश देते हुए कन्या पूजन के माध्यम से एक नए समाज के निर्माण का भी रूप दिखाया।नवरात्रि के पावन पर्व पर आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कन्या पूजन की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए समाज में बेटियों के प्रति सम्मान का संदेश दिया गया।इस दौरान पुलिस पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी, प्रधान आरक्षक शैलेंद्र कुमार दुबे, रेवा शंकर, टीम संयोजक हिमांशु तिवारी,खुशी सेन,महक सोनी, खुशबू बर्मन, लक्ष्मी महोबिया, मुस्कान महोबिया, साक्षी रैदास,पूजा कोल,महिमा बैगा,रागिनी कोल,अनुशीयु कोल व सभी उपस्थित रहे।



### युवक का झुलसा हुआ शव मिला

**विजय मत, उमरिया।**

कोतवाली थाना अंतर्गत मारुति शोरूम (शुभ मोटर्स) के सामने तीसरी रेल लाइन पर अज्ञात युवक का शव मिलने का समाचार प्रकाश में आया है। शव की शिनाख्ती की जा रही है। बताया जाता है कि मृत झुलसा हुआ है। घटना स्थल के पास रेल का खम्भा भी है,कयास लगाए जा रहे है कि मृतक खम्भे के ऊपर चढ़ने का प्रयास कर रहा था,इसी दौरान हैवी करेंट की चपेट में आया,जिससे उसकी मौत हुई है,सूत्रों की माने तो घटना स्थल के पास आरी ब्लेड और बोरी भी मिली है,जिससे सम्भावना जताई जा रही है कि किसी गलत मकसद से मृतक खम्भे में चढ़ रहा था,तभी दर्दनाक हादसे का शिकार हुआ है।इस मामले में यह भी सम्भावना जताई जा रही है कि पूरा घटनाक्रम शनिवार की रात करीब 10 बजे का है। घटना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची ,और ज़रूरी कार्यवाही कर रही है। इस मामले में एक और खबर सामने आई है कि चपहा निवासी एक दूसरा युवक जिसका नाम दीपू रजक भी झुलसा हुआ है,जो रविवार की सुबह इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचा है। खबर है कि ये दोनों मामले कही न कही एक दूसरे से जुड़े हुए है,पुलिस मृतक की शिनाख्ती के अलावा दोनों मामलों को जोड़कर इस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

### सीएमएचओ की अध्यक्षता में सेक्टर ताला में बैठक संपन्न



**विजय मत, उमरिया।**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा एस बी चौधरी की अध्यक्षता में ताला सेक्टर में बैठक संपन्न हुई । बैठक में राष्ट्रीय स्वा0 कार्यक्रम की जानकारी प्राप्त की । बैठक में एएचएस सर्वे किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर डीसीएम तथा बीसीएम उपस्थित रहे । बैठक में एमपीएस, सीएच ओ, एएनएम, एमपीडब्ल्यू व आशा पर्यवेक्षक उपस्थित थे । ब्लॉक मानपुर , सी एम एच ओ को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक उपस्वास्थ्य केंद्र तथा एच डब्ल्यू , ई डी एल की गाइड लाइन के अनुसार सभी दवाईयां उपलब्ध रहे, निर्धारित जांच की सुविधा के अलावा अन्य स्वास्थ्य गतिविधियों का भली भांति संचालन किया जाये । सभी गर्भवती महिलाओं की जांच कर उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं को डिलेवरी से पूर्व सभी की अल्ट्रासोनोग्राफी जिला चिकित्सालय उमरिया में कराई जाय साथ ही एक बार स्त्री रोगी विशेषज्ञ से अनिवार्य रूप से चेक कराया जाए। गर्भवती महिलाओं को प्रत्येक माह की 9 और 25 तारीख को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा अभियान के अंतर्गत समय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा जिला चिकित्सालय में जांच कराने लिए लाने तथा वापस हितग्राही के घर छोड़ने के लिए 108 वाहन का उपयोग किया जाए।

### अपनी मिट्टी अपना जल को संरक्षित करने हेतु जन सहयोग के माध्यम से

उमरिया । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि आगामी 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण एवं संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है । इसी क्रम में उमरिया जिले में नवाचार के तहत अपनी मिट्टी अपना जल को संरक्षित करने हेतु जन सहयोग के माध्यम से जिले में मिट्टी के कटाव एवं पानी के बहाव को संरक्षित करने के उददेश्य से 100 बोरी बंधान कराया जाएगा । उन्होने बताया कि यह कार्य पूर्णतः जन सहयोग के माध्यम से जीरो बजट पर आधारित होगा । इस कार्य में जनप्रतिनिधि, व्यापारी, संगठनों, स्वयं सेवी संस्थानों, महिला स्व सहायता समूहो, समाजिक संगठनों का सहयोग लिया जाएगा । जिले में प्रवाहित होने वाली छोटी, बडी जल संरचनाओ का सर्वेक्षण किया जाकर बोरी बंधान उपयुक्त स्थल का चयन विभिन्न तकनीकी अमले के माध्यम से कराया जाएगा ।

### अपनी मिट्टी अपना जल हेतु तकनीकी समिति गठित

**विजय मत, उमरिया।**

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि अपनी मिट्टी अपना जल हेतु तकनीकी समिति गठित की गई है जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह अध्यक्ष होगे तथा कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग सदस्य सचिव, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा संभाग उमरिया, कार्यपालन यंत्री लोक स्वा0 यांत्रिकीय सेवा, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग सदस्य होगे । समिति व्दारा जिले के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर जिलें में उपलब्ध जल संरचनाओ का अवलोकन कर बोरी बंधान हेतु उपयुक्त स्थल का चयन किया जाएगा । स्थल चयन के उपरांत संपूर्ण रिपोर्ट स्थल के जियो टैग फोटोग्राफसहित समन्वय मूल्यांकन एवं संसाधन समिति को उपलब्ध कराया जाएगा । स्थल पर ले आउट एवं तकनीकी मार्गदर्शन हेतु अधीनस्थउपयंत्री एवं अन्य तकनीकी अमले की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी । कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी। कार्य के दौरान आने वाली तकनीकी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा । समिति व्दारा सर्वेक्षण कर समस्त उपयुक्त स्थलों का चयन कर अपनी रिपोर्ट 15 अप्रैल तक आवश्यक रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाएगा । इसके साथ ही दस्तावेजी करण, जनभागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

### गांधी चौक पर मजदूर झेल रहे अव्यवस्था -जय सिंह

सीधी। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता जय सिंह चौहान राजू ने जारी एक विज्ञप्ति में कहा है कि गांधी चौक पर आने वाले मज़दूरों के लिए कोई व्यवस्था नहीं है।हर दिन सैकड़ों की तादाद में वहां पहुंचने वाले श्रमिकों को तमाम तरह से समस्याएं झेलनी पड़ती है जिससे श्रमिक परेशान हो रहे हैं।

### दीवार लेखन के माध्यम से जल का संरक्षण करनें का दिया जा रहा संदेश




**विजय मत, उमरिया।**

जल गंगा संवर्धन अभियान अब जन अभियान बनता जा रहा है। जिसमें शासकीय अमला, समाज सेवी, स्वयं सेवी संस्थाएं, गणमान्य नागरिक सहित मध्यप्रदेश जन अभियान के परामर्शदाता अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए आम जनों को जल संरक्षण का संदेश दे रहे है । मप्र जन अभियान परिषद पाली जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जगत जननी शहरी एवं ग्रामीण विकास समिति सेक्टर क्रमांक 4 मालाचुआ व्दारा दीवार लेखन के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया गया। दीवार लेखन के माध्यम से हम सबने ठाना है, पानी को बचाना है , जल है तो कल है, जल ही जीवन है ,,हम सबकी यही पुकार, पानी नही करेंगे बेकार आदि के माध्यम से संदेश दिया गया।

**बैठक** — भाजपा जिला अध्यक्ष ने स्थापना दिवस पर विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों के लिए की प्रेस कॉन्फ्रेंस

# भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी – इंद्र शरण

**विजय मत, सीधी।**




भारतीय जनता पार्टी 6 अप्रैल को 46 वा स्थापना दिवस भव्यता और दिव्यता के साथ जिले के 1037 बूथो पर मनाएगी। प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार आम जनों के साथ मिलकर पार्टी का जन्म दिवस पार्टी की गौरवपूर्ण उपलब्धियां के साथ मनाने के लिए पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी जुटे हुए हैं।

उक्त आशय के विचार पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने व्यक्त किया। इस अवसर पर स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाली कार्यक्रमों की टोली के संयोजक प्रदेश कार्य समिति के सदस्य इंद्र शरण सिंह चौहान, समिति के सदस्य जिला उपाध्यक्ष सुरेश सिंह चौहान, जिला मंत्री सुनीता रानी वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे, सह प्रभारी डॉक्टर मनीला सिंह चौहान उपस्थित रही। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी अपने सहयोगियों के साथ तीसरा कार्यकाल राष्ट्र की राजनीति और विकास पथ में परिवर्तन के नए युग की शुरुआत कर रही है। एक राष्ट्र एक चुनाव , वक्फ संशोधन विधेयक, एक राष्ट्र एक सब्सक्रिप्शन, आयकर छूट सीमा में 12 लाख रुपए करने से करदाताओं को राहत जैसे कई निर्णय राजनीतिक और सामाजिक विमर्श की गतिशीलता को बदलने की क्षमता रखते हैं। वही हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली एनडीए की निर्णायक जीत नकारात्मकता और भ्रम फैलाने वालों को करारा जवाब दिया है। महाकुंभ का आदर्श आयोजन, राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष आदि कार्यक्रम राष्ट्र की एकता और अखंडता को और मजबूत करता है। 6 अप्रैल को पार्टी स्थापना दिवस और 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर दर्जनों विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम पार्टी आयोजित करने जा रही है। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री चौहान ने कहा कि कल 6 अप्रैल को बुथ स्तर पर पार्टी का स्थापना दिवस जन्मोत्सव के रूप में, 6 और 7 को प्राथमिक सदस्यों का एकत्रित कर सम्मेलन, आठ को सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन, जिसमें भाजपा की चुनावी सफलता एवं संगठनात्मक विस्तार, भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाया गया परिवर्तन और प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी जी के साथ 11 वर्षो में विकसित भारत की ओर यात्रा जैसे विषयों पर व्याख्यान मालाए आयोजित होगी। जनप्रतिनिधियों के साथ मे 13 अप्रैल तक गांव और बस्ती चलो अभियान का कार्यक्रम होगा। जिसमें सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। इस दौरान बूथ समिति की बैठक, मिशाबंदियों एवं कार सेवकों का सम्मान, विभिन्न सामाजिक नेताओं के साथ मिलन, चौपाल कार्यक्रम, जल स्त्रोतों की सफाई, मंदिर अस्पताल आदि में स्वच्छता अभियान ।इसी प्रकार 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ एवं विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन, पार्टी करने जा रही है।

### प्राइवेट स्कूलों एवं शिक्षा माफिया के गठजोड़ पर कार्यवाही करें जिला प्रशासन-पंकज सिंह

**विजय मत, सीधी।**



प्राइवेट स्कूलों की शिक्षा माफिया से गठजोड़ पर जिला प्रशासन से कार्यवाही करने की मांग करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पंकज सिंह ने कहा कि निजी स्कूलों की अवैध फीस वसूली तथा पुस्तक विक्रेताओं एवं प्रकाशकों से सांठ-गांठ के हर रोज नए तथ्य सामने आ रहे हैं। इससे अभिभावकों को किस प्रकार लूटा जा रहा है यह पता चलता है कमीशनखोरी की वजह से अलग अलग दुकानों में किताबो के अलग अलग दाम है। निजी स्कूलों द्वारा प्रकाशकों और पुस्तक विक्रेताओं से सांठगांठ कर अभिभावकों से अवैध वसूली की जा रही है। प्राइवेट स्कूलों द्वारा विभिन्न प्रकार से मनमानी फीस वसूली जा रही है यूनिफॉर्म और शैक्षणिक सामग्री दुकान विशेष से खरीदने के संबंध में कहा जाता है जहां उनका कमीशन सेट होता है बिना जरूरत के नई किताबों को सिलेबस में शामिल करना, निम्न स्तरीय सस्ती फर्जी और डुप्लीकेट पाठ्यपुस्तकों के माध्यम से कमीशनखोरी, फीस की अनुचित वृद्धि, किताबें, स्टेशनरी, यूनिफॉर्म चिन्हित दुकानों से मनमाने दामों पर खरीदने के लिए अभिभावकों पर दबाव बनाया जाता है।

संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल

# टैरिफ वार: विश्व व्यापार संधि का अस्तित्व खतरे में

वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में व्यापार युद्ध (टैरिफ वार) ने वैश्विक व्यापार संधि को लेकर, दुनिया के देशों में एक नई चिंता पैदा कर दी है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के अंतरराष्ट्रीय संस्थान जिनके जिम्मे नियम और कानून का पालन सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगभग 166 देशों द्वारा वैश्विक व्यापार संधि में हस्ताक्षर किए हैं। उन देशों के कारोबार और आर्थिक स्थिति को लेकर संकट खड़ा हो गया है। हाल ही में अमेरिका ने टैरिफ को लेकर जो निर्णय लिए हैं। वह वैश्विक व्यापार संधि के खिलाफ हैं। उससे सारी दुनिया के देशों मे अमेरिका के साथ व्यापार को लेकर तनाव बन गया है। अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते टैरिफ युद्ध ने सभी देशों में वैश्विक व्यापार व्यवस्था को बुरी तरह से अस्थिर कर दिया है। अमेरिका ने राष्ट्र हितों की दुहाई देकर चीन, भारत एवं अन्य देशों पर आयातित वस्तुओं पर भारी शुल्क लगा दिया है। वैश्विक व्यापार संधि के अनुसार उसको इस तरह की कार्रवाई करने का अधिकार नहीं है।अमेरिका एक तरफा निर्णय ले रहा है। दूसरी ओर चीन ने भी जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस प्रतिशोधात्मक नीति का प्रभाव सारी दुनिया के देशों के साथ-साथ अमेरिका और चीन जैसे बड़े देशों की अर्थव्यवस्था पर पड़ना तय है। इस टकराव के कारण दुनिया के 166 देशों में व्यापारिक स्थिरता को लेकर बड़ा खतरा उत्पन्न हो गया है। यह स्थिति तब और भी चिंताजनक हो जाती है। जब वैश्विक व्यापार संधि को नियंत्रित करने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं इस विवाद में निषप्रभावी दिखाई पड रही हैं। दुनिया के सभी देशों के बीच वैश्विक व्यापार संधि का मूल उद्देश्य सभी देशों के बीच व्यापार विवादों का समाधान करना और वैश्विक व्यापार को सभी देशों के लिए मुक्त व्यापार के लिये अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार सभी देशों के लिये निष्पक्ष एवं स्थिर नीति को बनाना और उनका पालन करने की जिम्मेदारी है।

**नोट**

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# स्वास्थ्य के प्रति करना होगा जागरूक

**रमेश सर्राफ धमोरा**

स्वास्थ्य हमारे जीवन के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। इंसान जब तक स्वस्थ रहता है तब तक उसमें कार्य करने की क्षमता बनी रहती है। जब वह अस्वस्थ होने लगता है तो उसके कार्य करने की क्षमता भी कमजोर पड़ने लगती है। इसीलिए हमारे बुजुर्ग कहा करते थे कि पहला सुख निरोगी काया। यानी शरीर स्वस्थ रहने पर ही सबसे पहला सुख मिलता है। आज के दौर में खानपान में लापरवाही के चलते अधिकतर व्यक्ति किसी ने किसी बीमारी से ग्रसित रहने लगे हैं। इससे उनके कार्य क्षमता में भी कमी आई है। मनुष्य के अस्वस्थ होने पर उसके उपचार पर पैसे खर्च होते हैं जिससे उसकी आर्थिक स्थिति कमजोर होने लगती है। इसके साथ ही बीमार व्यक्ति का पूरा परिवार भी उसकी बीमारी के चलते तनाव में रहने लगता है। भागम-भाग के दौर वाली आज की जिंदगी में जो व्यक्ति अपना स्वास्थ्य सही रख पाता है। वह कम कमा कर भी सबसे अधिक सुखी रह सकता है। इसलिए हमें सबसे अधिक अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए।

> आज दुनिया भर में मनुष्य के स्वास्थ्य को लेकर चिंता व्यक्त की जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी दुनिया के देशों को समय-समय पर चेतावनी देता रहता है। कुछ वर्ष पूर्व आई कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया को हिला कर रख दिया था। मगर वैज्ञानिकों की तत्परता से वैक्सीन निर्माण होने के चलते वह नियंत्रण में आ गई थी। मगर भविष्य में भी ऐसी कोई गारंटी नहीं है कि कोरोना जैसी महामारी फिर नहीं आए। कभी भी कोई नई महामारी आ सकती है। इसलिए हमें हमारे खानपान, रहन-सहन व वातावरण में सावधानी बरतनी चाहिए ताकि हम बेवजह की बीमारियों से बच सके।

स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने के लिए प्रति वर्ष 7 अप्रैल को पूरी दुनिया में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने के पीछे विश्व स्वास्थ्य संगठन का मकसद दुनियाभर में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। साथ ही साथ सरकारों को स्वास्थ्य नीतियों के निर्माण के लिए प्रोत्साहित और प्रेरित करना। वर्तमान में इस संगठन के बैनर तले 195 से अधिक देश अपने-अपने देश के नागरिकों को रोगमुक्त बनाने के लिए प्रयासरत है। विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाने की शुरुआत 1950 से हुई। वैश्विक आधार पर स्वास्थ्य से जुड़े सभी मुद्दे को विश्व स्वास्थ्य दिवस लक्ष्य बनाता है। जिसके लिये कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं।



**विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विशेष**

विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा अंतरर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न प्रकार के खास विषय पर आधारित कार्यक्रम इसमें आयोजित होते हैं। पूरे साल भर के स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिये और उत्सव को चलाने के लिये एक खास विषय का चुनाव किया जाता है। वर्ष 2025 में विश्व स्वास्थ्य दिवस का विषय है स्वस्थ शुरुआत, आशावादी भविष्य। यह विषय माताओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य और जीवन को बढ़ाने पर केंद्रित है। जिसका लक्ष्य परिहार्य मातृ और शिशु मृत्यु के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि आधे भारतीयों की आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच ही नहीं है। जबकि स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने वाले लोग अपनी आय का 10 फीसदी से ज्यादा इलाज पर ही खर्च कर रहे हैं। वैश्विक साइबर सुरक्षा सूचकांक (जीसीआई) 2024 में भारत का स्कोर 98.49/100 रहा है। यह स्कोर अमेरिका, जापान, और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के साथ भारत को टियर 1 में रखता है। वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा सूचकांक 2024 के अनुसार भारत 42.8 के समग्र सूचकांक स्कोर के साथ 195 देशों में से 66वें स्थान पर है और 2019 से -0.8 का परिवर्तन है। 2021 में दुनिया भर के देशों की स्वास्थ्य प्रणालियों की रैंकिंग के अनुसार, स्वास्थ्य सूचकांक स्कोर के आधार पर भारत 167 देशों में से 111वें स्थान पर था।

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार तीन साल की अवस्था वाले 3.88 प्रतिशत बच्चों का विकास अपनी उम्र के हिसाब से नहीं हो सकी है और 46 प्रतिशत बच्चे अपनी अवस्था की तुलना में कम वजन के हैं, जबकि 79.2 प्रतिशत बच्चे एनीमिया से पीड़ित हैं। गर्भवती महिलाओं में एनीमिया 50 से 58 प्रतिशत बढ़ा है। कहा जाता है कि जिस देश कि चिकित्सा सुविधाएं बेहतर होगी उस देश के लोगों कि औसत आयु उतनी ही अधिक होगी। भारतवासियों को यह जानकर हैरानी होगी कि औसत आयु के मामले में बांग्लादेश भारत से आगे है। भारत में औसत आयु जहां 64.6 वर्ष मानी गई है, वहीं बांग्लादेश में यह 66.9 वर्ष है। इसके अलावा भारत में कम वजन वाले बच्चों का अनुपात 43.5 प्रतिशत है और प्रजनन क्षमता की दर 2.7 प्रतिशत है, जबकि पांच वर्षों से कम अवस्था वाले बच्चों की मृत्यु दर 66 है और शिशु मृत्यु दर जन्म लेने वाले प्रति हजार बच्चों में 41 है जबकि 66 प्रतिशत बच्चों को डीपीटी का टीका देना पड़ता है।

भारतीय स्वास्थ्य रिपोर्ट के मुताबिक सार्वजनिक स्वास्थ्य की सेवाएं अभी भी पूरी तरह से मुफ्त नहीं है और जो है उनकी हालत अच्छी नहीं है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रशिक्षित लोगों की काफी कमी है। भारत में डॉक्टर और आबादी का अनुपात भी संतोषजनक नहीं है। हमारे देश में 1000 लोगों पर एक डॉक्टर भी उपलब्ध नहीं है। अस्पतालों में बिस्तर की उपलब्धता भी काफी कम है और केवल 28 प्रतिशत लोग ही बेहतर साफ-सफाई का ध्यान रखते हैं। पिछले कुछ सालों में हमारे देश में कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों का प्रभाव बढ़ा है। साथ ही मधुमेह, हृदय रोग, क्षय रोग, मोटापा, तनाव की चपेट में भी लोग बड़ी संख्या में आ रहे हैं। महिलाओं में स्तन कैंसर, गर्भाशय कैंसर का खतरा बढ़ा है। ये बीमारियां बड़ी तादाद में उनकी मौत का कारण बन रही हैं। ग्रामीण तबके में देश की अधिकतर आबादी उचित खानपान के अभाव में कुपोषण की शिकार हो रही है। महिलाओं, बच्चों में कुपोषण का स्तर अधिक देखा गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार प्रति 10 में से सात बच्चे एनीमिया से पीड़ित हैं। वहीं महिलाओं की 36 प्रतिशत आबादी कुपोषण की शिकार है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

# गंभीर खतरे की घंटी है प्लास्टिक एवं माइक्रोप्लास्टिक

**ललित गर्ग**

प्रकृति को पस्त करने, वायु एवं जल प्रदूषण, कृषि फसलों पर घातक प्रभाव, मानव जीवन एवं जीव-जन्तुओं के लिये जानलेवा साबित होने के कारण समूची दुनिया में बढ़ते प्लास्टिक एवं माइक्रोप्लास्टिक के कण एक बड़ी चुनौती एवं संकट है। पिछले दिनों एक अध्ययन में मनुष्य के मस्तिष्क में प्लास्टिक के नैनो कणों के पहुंचने पर चिंता जतायी गई थी। दावा था कि प्रतिदिन सैकड़ों माइक्रोप्लास्टिक कण सांसों के जरिये हमारे शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। ऐसे तमाम नये राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय शोध-सर्वेक्षण-अध्ययन चेतावनी दे रहे हैं कि हमारी सांसों, पेयजल व फसलों में घातक माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी एक गंभीर संकट है। विश्व की कई शोध पत्रिकाओं में छपे शोध-लेख समय-समय पर विभिन्न अध्ययनों के चेताने वाले निष्कर्ष प्रकाशित करते रहते हैं। संकट तो यहां तक बढ़ गया है कि प्लास्टिक के कण पौधों की प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया को प्रभावित करने लगे हैं, जिससे खाद्य श्रृंखला में शामिल कई खाद्यान्नों की उत्पादकता में गिरावट आ रही है। ऐसा निष्कर्ष अमेरिका-जर्मनी समेत कई देशों के साझे अध्ययन के बाद सामने आया है। दरअसल, प्लास्टिक कणों के हस्तक्षेप के चलते पौधों के भोजन सृजन की प्रक्रिया बाधित हो रही है। इस तरह माइक्रोप्लास्टिक की दखल भोजन, हवा व पानी में होना न केवल प्रकृति, कृषि, पर्यावरण वरन मानव अस्तित्व के लिये गंभीर खतरे की घंटी ही है। जिसे बेहद गंभीरता से लिया जाना चाहिए और सरकारों को इस संकट से मुक्ति की दिशाएं उद्घाटित करने के लिये योजनाएं बनानी चाहिए। माइक्रोप्लास्टिक हमारे वातावरण का एक हिस्सा बन चुके हैं। प्लास्टिक की बहुलता एवं निर्भरता के कारण मौत हमारे सामने मंडरा रही है। हम चाहकर भी प्लास्टिकमुक्त जीवन की कल्पना नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि माइक्रोप्लास्टिक जीवन में हैं, हवा में हैं, पानी में हैं, नदी में हैं, समुद्र में हैं, बारिश में हैं, और इन सबके चलते वे हमारे भोजन में भी हैं, हम मनुष्यों के भी, पशुओं के भी और शायद सभी प्राणियों के जीवन में भी हैं। लगातार दूषित होते जल, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता और भूमि क्षरण जैसे मुद्दों पर सरकार की जागरूकता एवं सहयोग का भरोसा दिलाया जाता रहा है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

# भारतीय संस्कृति, कला, साहित्य, संगीत सुरक्षित रहे जो हमारा अनमोल खजाना और धरोहर है

**किशन सनमुखदास भावनानी**

भारत हज़ारों वर्षों से संस्कृति, साहित्य, कला और संगीत के विविध रंगों और आध्यात्मिक शक्ति से भरपूर एक अणखुट खज़ाने का धनी रहा है जिसे विश्व के हर देश ने बड़ी जिज्ञासा के साथ महसूस किया है और यह जानने की कोशिश की है कि आखिर कोई देश इस अलौकिक सृष्टि में इतना कुदरती खज़ाने से भरपूर कैसे हो सकता है!!!

साथियों बात अगर हम इस वैश्विक सोच की करें तो हमारी जीत इस सोच के साथ ही हो जाती है कि हमारे देश के बारे में विश्व इतना सकारात्मक और जिज्ञासा से भरी बौद्धिक क्षमता से देख वह सोच रहा है। फिर सोने पर सुहागा है कि आज जिस तेजी के साथ हमारा देश प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, परिवहन, शिक्षा, कौशलता विकास, नवाचार, नवोन्मेष सहित अनेक क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है और वैश्विक स्तरपर उपलब्धियों की झड़ी लगा रहा है उसे देखकर पूर्ण विकसित देश भी हैरान हैं!!! साथियों बात अगर हम इस डिजिटल इंडिया में भारतीय संस्कृति, सभ्यता, परंपराओं के विभिन्न रंगों के संरक्षण और सुरक्षा की करें तो इसके हर रंग को जो मानवीय हस्तकला से संजोयित हैं, उन्हें इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से संरक्षित करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि सदियों तक हमारी अगली पीढ़ी भी इसके महत्व का मूल्यांकन कर सके और जब तक यह सृष्टि रहे तब तक हमारी भारतीय संस्कृति, कला, साहित्य, संगीत सुरक्षित रहे जो हमारा अनमोल खज़ाना और धरोहर है उसे हम यूं विलुप्त होने नहीं देंगे यह सोच आज हर भारतीय नागरिक के हृदय में समाना अत्यंत ज़रूरी है, खास करके हमारे युवा साथियों को इस परंपरा को आगे संरक्षित करना है क्योंकि आज भारत की 65 फ़ीसदी जनसंख्या युवा है।



> साथियों बात अगर हम वर्तमान में भारतीय संस्कृति, कला, साहित्य, संगीत को प्रोत्साहन देने और शासकीय स्तरपर लोगों को आगे आने की अपील करने की करें तो हम रोज़ प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में देखते सुनते पढ़ते हैं कि माननीय उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित अनेक बुद्धिजीवियों कला प्रेमियों द्वारा अपने अनेक संबोधनों में भारतीय कला, संस्कृति, साहित्य, भाषा, मातृभाषाओं को प्रोत्साहन देने और विलुप्तता से बचाने पर जोर दिया है हमारी भारतीय सभ्यता, परंपराओं, संस्कृति के विविध रंगों को सुरक्षित और कायम रखने के लिए उत्साहवर्धक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है जो काबिले तारीफ है।

साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा मन की बात कार्यक्रम में कहे गए अपने विचारों की करें तो उन्होंने भी इस अवसर पर भारतीय कला, संस्कृति, साहित्य, संगीत पर सार्थक हृदय से अपने विचार रखें जो तारीफ़ के काबिल है पीआईबी के अनुसार उन्होंने कहा, भारतीय संस्कृति के विविध रंगों और आध्यात्मिक शक्ति ने हमेशा से दुनियाभर के लोगों को अपनी ओर खींचा है। अगर मैं आपसे कहूँ कि भारतीय संस्कृति, अमेरिका, कनाडा, दुबई, सिंगापुर, पश्चिमी यूरोप और जापान में बहुत ही लोकप्रिय है तो यह बात आपको बहुत सामान्य लगेगी, आपको कोई हैरानी नहीं होगी। लेकिन, अगर ये कहूँ कि भारतीय संस्कृति का लेटिन अमेरिका और साउथ अमेरिका में भी बड़ा आकर्षण है, तो, आप एक बार जरुर सोच में पड़ जायेंगे। मैक्सिको में खादी को बढ़ावा देने की बात हो या फिर ब्राज़ील में भारतीय परम्पराओं को लोकप्रिय बनाने का प्रयास, मन की बात में हम इन विषयों पर पहले चर्चा कर चुके हैं। आज मैं आपको अर्जेंटीना में फहरा रहे भारतीय संस्कृति के परचम के बारे में बताऊंगा। अर्जेंटीना में हमारी संस्कृति को बहुत पसंद किया जाता है। 2018 में, मैंने, अर्जेंटीना की अपनी यात्रा के दौरान योग के कार्यक्रम में - योगा फॉर पीस में हिस्सा लिया था। यहाँ अर्जेंटीना में एक संस्था है - हस्तिनापुर फाउंडेशन। आपको सुनकर के आश्चर्य होता है न, कहाँ अर्जेंटीना, और वहाँ भी, हस्तिनापुर फाउंडेशन। यह फाउंडेशन, अर्जेंटीना में भारतीय वैदिक परम्पराओं के प्रसार में जुटा है। इसकी स्थापना 40 साल पहले एक मैडम, प्रोफ़ेसर ऐडा एलब्रेक्ट ने की थी। आज प्रोफ़ेसर ऐडा एलब्रेक्ट 90 वर्ष की होने जा रही हैं। भारत के साथ उनका जुड़ाव कैसे हुआ ये भी बहुत दिलचस्प है। जब वो 18 साल की थी तब पहली बार भारतीय संस्कृति की शक्ति से उनका परिचय हुआ। उन्होंने भारत में काफी समय भी बिताया। भगवद् गीता और उपनिषदों के बारे में गहराई से जाना। आज हस्तिनापुर फाउंडेशन के 40 हज़ार से अधिक सदस्य हैं और अर्जेंटीना एवं अन्य लैटिन अमेरिकी देशों में इसकी करीब 30 शाखाएं हैं। हस्तिनापुर फाउंडेशन ने स्पेनिश भाषा में 100 से अधिक वैदिक और दार्शनिक ग्रन्थ भी प्रकाशित किये हैं। इनका आश्रम भी बहुत मनमोहक है। आश्रम में 12 मंदिरों का निर्माण कराया गया है, जिनमें अनके देवी-देवताओं की मूर्तियाँ हैं। इन सबके केंद्र में एक ऐसा मंदिर भी है जो अद्वैतवादी ध्यान के लिए बनाया गया है।साथियो, ऐसे ही सैकड़ों उदाहरण यह बताते हैं, हमारी संस्कृति, हमारे लिए ही नहीं, बल्कि, पूरी दुनिया के लिए एक अनमोल धरोहर है। दुनिया भर के लोग उसे जानना चाहते हैं, समझना चाहते हैं, जीना चाहते हैं। हमें भी पूरी जिम्मेदारी के साथ अपनी सांस्कृतिक विरासत को खुद अपने जीवन का हिस्सा बनाते हुए सब लोगों तक पहुँचाने का प्रयास करना चाहिए।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारतीय संस्कृति महान है। वैश्विक स्तरपर भारतीय संस्कृति के विभिन्न रंगों और आध्यात्मिक शक्ति ने सारे विश्व को आकर्षित किया है तथा भारतीय संस्कृति, कला, साहित्य, संगीत ने संपूर्ण विश्व में अपनी एक अलग पहचान, प्रतिष्ठा बनाई है जिस पर हमें गर्व है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

## शब्द पहेली - 8329

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | ■ | 3 | 4 | | ■ | 5 |
| ■ | | ■ | 6 | | | ■ | 7 | |
| 8 | | ■ | | ■ | 9 | | | ■ |
| | ■ | 10 | | 11 | | ■ | | ■ |
| 12 | 13 | | ■ | | ■ | 14 | | 15 |
| ■ | | ■ | 16 | | 17 | | ■ | |
| ■ | 18 | | | ■ | 19 | ■ | 20 | |
| 21 | | ■ | 22 | 23 | | | | ■ |
| | ■ | 24 | | | ■ | 25 | | |

**बाएँ से दाएँ**

1.तन,शरीर-3
3.चकोर,चंद्रप्रेमी पक्षी-3
6.झगड़ा,द्वेष-3
7.मोटा आटा-2
8.खिंचाव,स्वर विस्तार-2
9.असली,शुद्ध-3
10.यंत्रशाला-4
12.कार्यविधि-3
14.चिंगारी-3
16.एक कंद जिसे सुखा कर सौंठ बनाई जाती है-4
18. दूल्हे की पगड़ी-3
20.सम्मान-2
21.प्राण,जीवन तत्व-2
22.कुशल,होनहार-3
24.राशिचक्र की एक राशि-3
25.प्रेमी,साजन- 3

**ऊपर से नीचे**

2.अवलोकन,दरस-3
3.चलने का ढंग-2
4.तलघर-4
5.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6.जलजला-3
7.रसीला,रस से भरपूर-4
8.बल,जोर,दम-3
10.चाचा,अंकल-2
11.शौहर,पति-3
13.'दीवाने हुए पागल' की नायिका-2,2
14.वहम,संदेह-3
15.राजा,सम्राट-3
16.उपद्रवी,आतंकी-4
17.गिरवी रखी वस्तु-3
20.बैठने की जगह-3
21.शराब का प्याला-2
23.रांझे की प्रेमिका-2


**शब्द पहेली -8328 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | जा | न | ■ | स | ली | का | ■ |
| दा | दा | ■ | सी | ■ | ह | ■ | या | द |
| मि | ■ | ■ | ब | र | सा | त | ■ | म |
| नी | र | व | ■ | थ | ■ | र | ह | न |
| ■ | ■ | ज | रा | ■ | सा | की | ■ | ■ |
| सु | ल | ह | ■ | दां | ■ | ब | हा | व |
| दा | ■ | ■ | सा | व | न | ■ | ■ | ज |
| मा | ता | ■ | ह | ■ | य | ■ | का | न |
| ■ | त | म | स | ■ | न | क | ल | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**7 अप्रैल 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**सोमवार** 2025 वर्ष का 97 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** बसंत।
**विक्रम संवत्** 2081
**शक संवत्** 1946
**मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** दशमी 20.01 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पुष्य 06.25 बजे को समाप्त।
**योग** धृति 18.19 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 07.37 बजे तदनन्तर गर 20.01 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 08.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 06° 51'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872307
**जूलियन दिन** 2460772.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** सव्वाल
**तारीख** 08

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 06.11 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | वृष | 07.51 बजे से |
| मंगल | कर्क में | मिथुन | 09.49 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 12.03 बजे से |
| गुरु | वृष में | सिंह | 14.19 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 16.31 बजे से |
| शनि | मीन में | तुला | 18.42 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 20.56 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 23.12 बजे से |
| राहुकाल | | मकर | 01.17 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | कुंभ | 03.04 बजे से |
| बजे तक | | मीन | 04.37 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ**- **शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## न्यूज इन शॉर्ट




### म प्र शिक्षक संघ कार्यालय का हुआ उद्घाटन, लाल जी तिवारी एवं राजन सिंह हुए सम्मिलित

शहडोल। मध्यप्रदेश शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संगठन म प्र शिक्षक संघ जिसकी स्थापना 1970मे राज्य स्तर पर 1884पंजीकरण संख्या में पंजीकृत है जो प्राथमिक स्तर से विश्व विद्यालय स्तर तक के शासकीय एवं अशासकीय शिक्षकों का एक मात्र शिक्षक संघ है जिसका प्रान्तीय कार्यालय शिवाजी नगर भोपाल में स्थित है वर्तमान में डा क्षत्रवीर सिंह राठौर प्रान्ताध्यक्ष हैं

वर्तमान में म प्र शिक्षक संघ राज्य का सबसे सशक्त संगठनों में से एक नामचीन संगठन है म प्र शिक्षक संघ की ब्लाक एवं तहसील इकाई गोहपारू जिला शहडोल किसी पहचान का मोहताज नहीं है संभाग भर में एक मात्र गोहपारू ब्लाक ही एक ऐसा ब्लाक है जहां वर्ष 2021 एवं 2025 पदावधि में ब्लाक अध्यक्ष का निर्वाचन ,मतदान प्रणाली द्वारा अतिसंवेदनशील रूप में संपन्न हुआ इससे सिद्ध होता है कि संगठन की गतिविधियां अत्यंत सक्रिय रहती हैं उसी सक्रियता के परिणामस्वरूप महेश प्रसाद द्विवेदी रिटायर्ड शिक्षक पूर्व ब्लाक अध्यक्ष गोहपारू के संरक्षण , प्रेरणा एवं निर्देशन तथा वर्तमान युवा ब्लाक अध्यक्ष अमरबहादुर सिंह एवं बालेन्द्र कुमार मिश्र तहसील अध्यक्ष के नेतृत्व एवं पूरी उत्साही टीम के सहयोग से शिक्षक संघ ब्लाक तहसील गोहपारू का कार्यालय श्री मती रमा शर्मा पूर्व ब्लाक उपाध्यक्ष के मकान में06/04/2025रामनवमी महापर्व के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि सेवा निवृत्त पूर्व कार्यवाहक जिला अध्यक्ष,राजन सिंह, वर्तमान जिला अध्यक्ष लाल जी तिवारी,बी आर सी समन्वयक जैसिंहनगर रामनारायण विश्वकर्मा, एवं राजेन्द्र प्रसाद शर्मा जी के विशिष्ट आतिथ्य में पूजा अर्चना, राम रक्षा स्तोत्र पाठ एवं संगीत मय हनुमान चालीसा पाठ कर स्थापित किया गया कार्यालय उद्घाटन के समय ब्लाक के सह संरक्षक महेन्द्र प्रसाद पाठक, जिला उपाध्यक्ष रामावतार प्रजापति, जिला सह सचिव शान्ती सिंह परिहार, तहसील कोषाध्यक्ष शिवशंकर सिंह, पूर्व तहसील अध्यक्ष रामधनी सिंह, ब्लाक सचिव अबुल कलाम सिद्दीकी, कोषाध्यक्ष बद्रीविशाल द्विवेदी, सदस्य,मकल सिंह, प्रदीप सिंह, महेन्द्र सिंह, राम मनोहर सिंह, लाल सिंह,बेसाहू लाल बैगा, रामदयाल प्रजापति,कुशल सिंह तथा पूर्व ब्लाक उपाध्यक्ष श्रीमती रमा शर्मा सहित श्री मती गंगा देवी शुक्ल, श्री मती कल्पना चतुर्वेदी की उपस्थिति उल्लेखनीय रही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा कार्यालय स्थापित होने को एक ऐतिहासिक कदम बताते हुए संगठन की उत्कृष्ट प्रदर्शन का द्योतक बताया जो संभाग शहडोल के लिए अद्वितीय है।

### बुढार पुलिस ने की जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही



शहडोल। पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा नशे एवं सट्टा/जुआ के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु सभी थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। बुढ़ार थाना अंतर्गत कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम धनपुरा में कुछ व्यक्ति तास के पत्तों से हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे है। सूचना पर बुढार पुलिस द्वारा उक्त सूचना स्थान पर दबिश देकर आरोपियों टेकीदास वर्मा पिता रामखिलावन वर्मा उम्र 36 वर्ष, अर्जुन ढीमर पिता स्व0 मोहन ढीमर उम्र 38 वर्ष एवं द्वारका वर्मा पिता अशोक वर्मा उम्र 22 वर्ष निवासी छोट धनपुरी के कब्जे से तास के 52 पत्ते एवं 1,260 रूपये नगदी जब्त किया गया। पुलिस द्वारा सभी आरोपियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बुढार के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक धर्मेन्द्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

# अपर कमिश्नर और अपर कलेक्टर ने चपरा परिवार का पट्टा निरस्त करने दिया था आदेश पर नहीं हुआ अमल

## किरन स्ट्रीट शासकीय नजूल भूमि एवं पौराणिक बावली में अवैध अतिक्रमण का मामला गरमाया

**विजय मत, शहडोल।**

किरण टॉकीज के बगल में शासकीय नजूल भूमि एवं पौराणिक बावली में चपरा परिवार द्वारा कथित रूप से अवैध अतिक्रमण किए जाने के विरोध में स्थानीय नागरिकों द्वारा 5 अप्रैल से क्रमिक अनशन प्रारंभ कर दिया गया है।नागरिकों की मांग है कि अपर कलेक्टर द्वारा वर्ष 2007 में तथा अपर आयुक्त संभाग शहडोल द्वारा वर्ष 2014 में दिए गए आदेश का क्रियान्वयन कराया जाकर ग्राम भूइबांध खसरा नंबर 72 में स्थित सार्वजनिक मैदान को नजूल शासकीय भूमि दर्ज कराया जाकर अवैध अतिक्रमण हटाया जाए इसके अलावा पौराणिक बावली को उसके पुराने स्वरूप में लाकर शासन की मनसा अनुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पुनरुद्धार कराया जाए।




### लीज पर मिली थी जमीन

इस मामले में नागरिकों की तरफ से अधिवक्ता एसपी सिंह ने विजय मत को बताया कि वर्ष 1995 - 96 में नजूल जमीन की लीज का आवेदन चपरा परिवार ने किया था और लीज स्वीकृत होने पर उन्हें पत्ता मिल गया था।वर्ष 2005-06 में नागरिकों की शिकायत वर्ष 2007 में अपर कलेक्टर मैं सुनवाई करके पट्टा निरस्त कर दिया। फिर चपरा परिवार अपर कमिश्नर न्यायालय में निगरानी में चला गया।मामले की सुनवाई करते हुए अपर कमिश्नर द्वारा वर्ष 2014 में प्रकरण खारिज कर दिया। अपर कमिश्नर द्वारा अपने आदेश में लिखा गया था कि शासकीय भूमि दर्ज किया जाए परंतु फाइल दबा दी गई और आदेश का पर अमल नहीं हुआ। यही कारण है कि चपरा परिवार का राजस्व रिकॉर्ड में नाम चढ़ा हुआ है। 24 फरवरी 2017 को नागरिकों की तरफ से कलेक्टर कमिश्नर नजूल अधिकारी एवं एसडीएम को नागरिकों की तरफ से सामूहिक आवेदन दिया जाकर अपर कलेक्टर एवं अपर कमिश्नर के न्यायालय के आदेश का क्रियान्वन करने का अनुरोध किया गया है।

### प्रशासन ने कार्यवाही नहीं की इसलिए अनशन प्रारंभ हुआ

वरिष्ठ समाजसेवी रंजीत बसाक का कहना है कि पौराणिक खसरा नंबर 72 में स्थित बावली एवं एक एकड़ सार्वजनिक भूमि एवं शासकीय नजूल भूमि पर अतिक्रमण कर लिया गया है जिसकी शिकायत एक माह पूर्व की गई थी परंतु प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई इसलिए धरना प्रदर्शन प्रारंभ किया गया है।

### आत्मदाह की दी चेतावनी

किरण स्ट्रीट नवदुर्गा समिति के सदस्य राजेंद्र रजक द्वारा विजय मत से बातचीत करते हुए चेतावनी दी गई है कि यदि प्रशासन द्वारा निष्पक्ष कार्यवाही नहीं की गई और अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो वे आत्मदाह करने के लिए विवश हो जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि जिला प्रशासन सत्ता पार्टी के दबाव में आकर निष्पक्ष कार्यवाही नहीं कर रही है।

**इनका कहना है...**

इस मामले में मैने तहसीलदार को सीमांकन करने का निर्देश दिया था और मैं छुट्टी में चला गया था अब वापस आया हूं।सीमांकन हुआ या नहीं तहसीलदार से बातचीत करने पर ज्ञात होगा।

» अरविंद शाह
एसडीएम सोहागपुर, अनु विभाग शहडोल

### भाजपा ने खुद कलेक्टर से की है जांच की मांग:अमिता चपरा


भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष अमिता चपरा का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा खुद कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर मांग की गई है कि अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाए और जमीन का सीमांकन कराया जाए। उन्होंने कहा कि इस मामले में राजनीति हो रही है और मेरी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है जबकि किरण स्ट्रीट के समीप पौराणिक बावली एवं उससे लगी जमीन पर अतिक्रमण का आरोप जिन लोगों पर लग रहा है उनसे मेरा और मेरे परिवार का कोई लेना देना नहीं है।

### सिर मुड़ाते ओले पड़े

एक पुरानी कहावत यहां पर नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा पर चरितार्थ होती नजर आ रही है कि सिर मुड़ाते ओले पड़े।अर्थात श्रीमती चपरा के भाजपा जिला अध्यक्ष बनते ही एक ऐसी सार्वजनिक शासकीय नजूल भूमि एवं पौराणिक बावली पर अतिक्रमण करने वालों को संरक्षण देने का आरोप लगने लगा है जहां कई दशकों से नवरात्र में दुर्गा प्रतिमा स्थापित की जाकर नागरिकों द्वारा माता रानी की पूजा अर्चना की जाती रही है।चूंकि अतिक्रमण करने का आरोप एक चपरा परिवार पर लग रहा है इसलिए लोगों का मानना है कि भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा से अतिक्रमणकारियों का नाता रिश्ता है इसलिए उन्हें सत्ता शासन का संरक्षण मिल रहा है। यह बात अलग है कि श्रीमती अमिता इन आरोपों को सिरे से खारिज कर रही हैं।

# जय स्तंभ चौक के पास स्थित पांडव प्रतिमा के चारों ओर खड़ी होती हैं ऑटो, बना अवैध ऑटो स्टैंड

## अनदेखी का शिकार पांडव प्रतिमा, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान



**विजय मत, शहडोल।**

जिला मुख्यालय में जहां तहां सरकारी जमीन पर कब्जा देखा जा सकता है। जिसकी जहां मर्जी आती है वहां अपनी दुकान मकान तांन देता है और प्रशासन जानकर भी अनजान बना रहता है। कलेक्टर कार्यालय के पास ही यह हाल है कि कहीं यात्री प्रतीक्षालय अतिक्रमण की चपेट में है तो कहीं चौराहों पर कबाड़ वाहन कब्जा किए हुए हैं। जिला प्रशासन की अनदेखी के चलते आने वाले समय में पूरे शहर में इसी तरह से अतिक्रमण नजर आएगा। बता दें जय स्तंभ चौक जनपद कार्यालय सोहागपुर के पास पांडव प्रतिमा के आसपास ऑटो वालों ने अवैध कब्जा जमा लिया है तथा अवैध तरीके से अपना ऑटो खड़ा कर रहे हैं।

### पांडव कालीन प्रतिमा के आसपास ऑटो वालों का कब्जा

शहडोल नगर को सौंदर्य करण प्रदान करने के लिए जय स्तंभ चौक जनपद कार्यालय सोहागपुर के पास पांडव प्रतिमा नगर पालिका द्वारा बनवाई गई थी। जिससे लोगों को शहर सुंदर एवं स्वच्छ नजर आ सके परंतु अब वहां ऑटो वालों ने अवैध कब्जा जमा लिया है तथा शहर के सुंदरता को ग्रहण लग रहे हैं।

### खड़ी रहती है कबाड़ वाहन

पांडवों के प्रतिमा के चारों ओर कबाड़ एवं कंडम वाहन भी खड़े रहते हैं जिससे लोगों के दुर्घटना की आशंका के साथ-साथ पांडव कालीन मूर्तियों पर भी ग्रहण लग रहे हैं। वाहनों के कारण मूर्तियां स्पष्ट रूप से लोग नहीं देख पा रहे हैं तथा जिम्मेदारों की गैर जिम्मेदार राणा हरकतों की वजह से मूर्तियां अपनी भव्यता भी खो रही है।

### जिम्मेदारों के अनदेखी के कारण प्रतिमा खो रही अपना अस्तित्व

पांडव प्रतिमा शहर की सौंदर्यीकरण की दृष्टि से बनवा तो दिया गया परंतु उसे पर जिम्मेदारों के अनदेखी के कारण प्रतिमा अपना अस्तित्व को रही है।? ना ही रात के समय उसमें आकर्षक एवं सुंदर लाइटिंग की व्यवस्था की गई है, ना ही प्रतिमाओं के आसपास समय-समय में साफ सफाई है, जिससे प्रतिमाओं की भव्यता पर असर पड़ रहा है तथा बाकी कसर ऑटो संचालकों द्वारा पूरा कर दिया जाता है।

### शहर के अंदर जगह जगह ऐसा ही है हाल

जिला मुख्यालय में जहां तहां इसी तरह के अतिक्रमण आपको नजर आ जाएंगे। किसी ने तालाब की मेड पर अतिक्रमण कर रखा है तो किसी ने शहर के फुटपाथ पर कब्जा जमा रखा है। कहीं कहीं तो नाले के ऊपर ही दुकान मकान खड़े हुए नजर आते हैं। अगर शहर की सुंदरता को बढ़ाना है तो सड़क किनारे की जमीनों पर से अवैध कब्जे हटवाने होंगे।



### दायित्वों के सही निर्वहन के लिए टीम वर्क आवश्यक - जनसंपर्क अधिकारी

**विजय मत, शहडोल।**

संभागीय जनसम्पर्क कार्यालय शहडोल में पदस्थ सहायक जन संपर्क अधिकारी अरूणेंद्र सिंह को आज उनके जिला जनसम्पर्क कार्यालय उमरिया स्थानान्तरित होने पर संभागीय जनसम्पर्क कार्यालय शहडोल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी। विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए जनसंपर्क अधिकारी अरूणेंद्र सिंह ने कहा कि सरकारी दायित्वों के सही निर्वहन के लिए टीम वर्क आवश्यक होता हैं,टीम वर्क के माध्यम से एक दूसरे के विचारों और अनुभवों का आदान-प्रदान करते हैं, जिससे कार्यों की गुणवत्ता और गति दोनों में सुधार होता है। उन्होंने कहा कि मुझे जनसंपर्क कार्यालय शहडोल में कार्य करने का बहुत कम समय मिला लेकिन जितना भी समय मिला और जो भी कार्य किया उसमें सभी पत्रकारों, अधिकारी एवं कर्मचारियों का बेहतर सहयोग मिला यह मुझे हमेशा याद रहेगा। जनसम्पर्क कार्यालय के सोशल मीडिया हैंडलर ओम जायसवाल ने कहा कि स्थानांतरित सहायक जनसम्पर्क अधिकारी अरूणेंद्र सिंह एक सरल और सहज व्यक्तित्व के धनी के अधिकारी हैं, जिनकी कार्यशैली ने हम सभी को प्रभावित किया तथा सरकारी कार्यों को शांतिपूर्वक कैसे निर्वहन करें यह गूर सिखने को मिला। साथ ही फोटोग्राफर रामबली यादव, रामावतार कोरी ने भी विदाई समारोह को सम्बोंधित किया।

## कार्यक्रम

### राम, लक्ष्मण एवं हनुमान की झांकी के साथ विशाल जवारा जुलूस ने नगर का किया भ्रमण

# राम नवमी पर नगर के साथ ग्रामीण अंचलों में हुए विविध धार्मिक आयोजन







**विजय मत, शहडोल।**

चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन रामनवमी पर मां आदि शक्ति जगदम्बे के साथ ही भगवान राम की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। मंदिरों में भगवान राम का जन्मोत्सव बड़े धूम-धाम से मनाया गया। सुबह से ही रामनवमी को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखने मिला। मंदिर में जल चढ़ाने के साथ ही श्रद्धालुओं ने हवन पूजन कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की।

### मंदिरों में कन्या पूजन के साथ ही भंडारे का आयोजन

नवरात्र के अंतिम दिन मंदिरों में कन्या पूजन के साथ ही भंडारे का आयोजन किया गया। कन्याओं की विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद रुचिकर भोज कराया गया, साथ ही उन्हे उपहार भेंट किए गए। नगर के मोहन राम तालाब मंदिर व राज जानकी मंदिर में विविध धार्मिक आयोजन हुए। यहां भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान राम के दर्शन कर पूजा अर्चना की। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखने मिली।

### जगह-जगह भंडारे का किया गया आयोजन

रामनवमी के अवसर पर नगर के मंदिरो के साथ ही सार्वजनिक स्थलों में भण्डारे का आयोजन किया गया। लोगो ने बड़े ही उत्साह के साथ भण्डारे में प्रसाद ग्रहण किया। उल्लेखनीय है चैत्र नवरात्र को लेकर पंचमी के दिन से ही शहर के साथ ही कस्बाई क्षेत्रों में भंडारे का आयोजन प्रारंभ हो गया था। कहीं पूड़ी सब्जी तो कहीं खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया।

### राम जानकी मंदिर में मना प्राकट्य पर्व

नगर के राम जानकी मंदिर में रामनवमी के अवसर पर प्राकट्य पर्व मनाया गया। इस अवसर पर सुबह मंदिर में विधि विधान से भगवान राम की पूजा अर्चना की गई। वहीं शाम 7 बजे से मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग के तत्वावधान में प्राकट्य पर्व मनाया गया। इस अवसर पर विविध कला अनुशासन के माध्यम से भगवान श्रीराम के जीवन की छवियां प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में श्रीहनुमान लीला नाट्य की प्रस्तुति दी गई, जिसमें संकट मोहन महाबली हनुमान की लीलाओं की प्रस्तुतियां आकर्षण का केन्द्र रही।

### निकले जवारा जुलूस

चैत्र नवरात्र के अवसर पर मंदिरो में बोए गए जवारों का रविवार को विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद नदी व तालाब में विसर्जन किया गया। इस अवसर पर जगह-जगह से जवारा जुलूस निकाले गए। जुलूस में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

### ब्योहारी नेहरू बाल उद्यान के पास विशाल भंडारे का आयोजन

ब्योहारी में रामनवमीं के अवसर पर स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे खुला भंडारा किया, जिसमें हनुमान मंदिर लक्ष्मी नारायण मंदिर सहित नेहरु बाल उद्यान के बगल में आसपास के लोगों ने राहगीरों को दोपहर 02 बजे से खिचड़ा का प्रसाद वितरित किया। जिससे श्रद्धालु काफी उत्साहित रहे।

### भाजपा कार्यालय में धूमधाम के साथ मनाया गया भाजपा का 46 वां स्थापना दिवस



**विजय मत, शहडोल।**

भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस अवसर पर रविवार को जिला भाजपा कार्यालय सहित जिलेभर में हर्षोउल्लास व उमंग के साथ मनाया गया। भाजपा जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा एवं अतिथियो ने भाजपा का झंडा फहराया।

स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष व अतिथियों द्वारा नवीन भाजपा कार्यालय भवन का नामकरण किया गया भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने बताया कि भाजपा के सभी वरिष्ठ जनों से चर्चा कर कार्यालय भवन का नामकरण किया गया है अब ÷अटल निलय÷ के नाम से जाना जाएगा शहडोल जिला भाजपा कार्यालय

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शहडोल संभाग के पूर्व संगठन मंत्री श्री जितेंद्र लटोरिया. भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा, पूर्व जिला अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह, अनुपम अनुराग अवस्थी, कमल प्रताप सिंह, पूर्व विधायक प्रमिला सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र भारती, गिरधर प्रताप सिंह , प्रकाश जगवानी, राजेश्वर उदानियां, कैलाश विशनानी, भूपेंद्र मिश्रा, विजय गुप्ता, राकेश सोनी, नगर अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी ,सूर्यकांत मिश्रा दिनेश दीक्षित, रवीकरण त्रिपाठी, अमित मिश्रा, रवींद्र वर्मा, अमित गुप्ता बंटी, ऋषिराज गुप्ता, विजय जसवानी, पिंकू शुक्ला,धर्मेंद्र शुक्ला, निभा गुप्ता ,रेखा तिवारी ,राखी शर्मा, कुंतला दीक्षित,सहित भारतीय जनता पार्टी के समस्त वरिष्ठ ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता पदाधिकारी गण इस अवसर पर उपस्थित रहे।

जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने बताया कि इस अवसर पर भाजपा कार्यालय में भाजपा के इतिहास पर भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसका भाजपा जिला अध्यक्ष एवं अतिथियो ने फीता काट कर शुभारम्भ कर प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मंचासीन अतिथियों द्वारा ने भारत माता, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय व डॉक्टर श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र का पूजन अर्चन कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

## यूज़ इन शॉर्ट



### रेत का अवैध परिवहन करते पुलिस ने वाहन किया जब्त, मामला दर्ज

अनूपपुर। बिजुरी पुलिस ने क्षेत्र में रेत की अवैध परिवहन पर लगातार अभियान चला रखा है, जहां 6 अप्रैल को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए बैहाटोला से ट्रैक्टर वाहन को जब्त किया है। वहीं चालक और वाहन स्वामी के खिलाफ धारा 303(2),317(5)बीएनएस 4/21 खान खनिज अधिनियम, 130/177(3) एमवी एक्ट का मामला पंजीबद्ध कर अनुसंधान कर रही है। थाना प्रभारी विकास सिंह ने बताया कि 6 अप्रैल को संतोष पनिका के घर के पास ग्राम बैहाटोला में घेराबंदी कर वाहन क्रमांक एमपी18 एए 7064 से अवैध रेत खनिज उत्खनन कर परिवहन करने पर कार्रवाई करते हुए वाहन को जब्त कर आरोपी चालक/वाहन स्वामी मो. कासिम पिता अब्दुल सत्तार अली उम्र 50 वर्ष निवासी छाता मोहल्ला बिजुरी के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है।

### एक सप्ताह से लापता महिला को पुलिस ने किया दस्तयाब

अनूपपुर। जैतहरी पुलिस ने एक सप्ताह पूर्व घर से बिना सूचना लापता हुई महिला को दस्तयाब करते हुए परिजनों को सुपुर्द किया है। थाना प्रभारी विपुल शुक्ला ने बताया कि 24 मार्च को सूचनाकर्ता लल्लू सिंह गौड़ पिता मोहन सिंह गौड़ निवासी कुकुरगोड़ा ने जैतहरी थाना में सूचना दिया कि उसकी बड़ी पुत्री 24 मार्च को घर में बिना बताए कहीं चली गई है। पता तलाश किए जाने पर भी अभी तक उसका कोई पता नहीं चला है। पुलिस ने गुम इंसान कायम कर मामले की विवेचना आरंभ की, जहां पुलिस ने 6 अप्रैल को जैतहरी में दस्तयाब किया एवं गुमशुदा को उसके पिता लल्लू सिंह गौड़ के सुपुर्द किया है।

### पुलिस ने वसूली वारंटी को किया गिरफ्तार, न्यायालय पेश



अनूपपुर। बिजुरी पुलिस ने अपराधियों की धड़ पकड़ में 5 अप्रैल को वसूली वारंटी को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय पेश किया है। थाना प्रभारी विकास सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के द्वारा अधिक से अधिक वारंट तामीली के निर्देश पर 5 अप्रैल को व्यवहार न्यायाधीश कोतमा के न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 343/24 धारा 125 के वसूली वारंटी सुमेर सिंह गोंड पिता धरमपाल सिंह गोंड उम्र 37 वर्ष निवासी डोंगरिया खुर्द थाना बिजुरी को कोरबा छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### कार्यकर्ता के संघर्ष से पार्टी शून्य से शिखर पर पहुंची- हीरा सिंह श्याम



अनूपपुर। भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर अनूपपुर जिले के सभी मंडलों एवं बूथों पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने बड़े ही धूमधाम के साथ पार्टी के स्थापना दिवस को मनाया। भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने जिला भाजपा कार्यालय में मां भारती, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर संगठन का ध्वज पार्टी कार्यालय में फहराकर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सभी को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। भाजपा के 46 वें स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बन खड़ा है तो उसके पीछे कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत और लगन है। कार्यकर्ताओं को कामयाबी के साथ-साथ अपने अतीत को भी याद रखना होगा। हमें अपने पुराने कार्यकर्ताओं से संवाद जारी रखना है, उनसे मिलना है, उन्हें समझना है। उन सभी के संघर्ष से आज पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। संगठन का एक-एक कार्यकर्ता हमारे लिए महत्वपूर्ण है हम सब मिलकर भारत को विश्व गुरु बनाने की दिशा में कम करें। ताकिसंगठन के लक्ष्य की पूर्ति हो सके। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को विश्व में पहली पंक्ति में खड़ा करने की दिशा में काम कर रहे हैं। पार्टी के स्थापना दिवस पर मप्र शासन के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल, शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह, कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त रामलाल रौतेल, अनूपपुर विधायक बिसाहू लाल सिंह ने अपने घरों में संगठन का ध्वज लगाकर पार्टी के कार्यकर्ताओं को भाजपा के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। और भारत को वैभवशाली बनाने के लिए हर कार्यकर्ता संगठन की विचारधारा को आगे लेकर चलने और समाज के कल्याण की दिशा में कार्य करने की अपील की। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि स्थापना दिवस के मौके पर जिले के 699 बूथों पर भाजपा स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजित किया गया। जिला मुख्यालय अनूपपुर में युवा कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली निकालकर स्थापना दिवस मनाया।

मंदिरों में राम जन्मोत्सव का हुआ विशेष आयोजन, निकली शोभायात्राएं

# रिद्धि-सिद्धि पूजन के साथ आदिशक्ति उपासना का महापर्व चैत्र नवरात्र सम्पन्न, जगह जगह भंडारे का आयोजन

विजय मत, अनूपपुर।

जिले में मंदिरों व घरों में स्थापित आदिशक्ति माता की उपासना का मनाया जा रहा चैत्र नवरात्रि का महापर्व 6 अप्रैल को रिद्धि-सिद्धि पूजन व हवन के साथ समाप्त हो गया। जिसमें भक्तों ने घंटाल, शंख बजाकर मां आदिशक्ति का आह्वान किया और अपने अपराधों की क्षमा याचना मांग परिवार की सुख-समृद्धि की मनोकामनाएं पूर्ण करने का वर भी मांगा। इस मौके पर माताओं ने ब्रह्म कन्याओं की पूजा अर्चना कर उन्हें कन्या भोज कराया। जबकि दूसरी ओर चैत माह के शुक्ल नवमी के दिन भगवान श्रीराम के जन्म होने के उपलक्ष्य में जिलेभर में रामनवमी का त्योहार भी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान जिला मुख्यालय में रामजानकी मंदिर, बूढी देवी मढिया मंदिर, सहित बाबा कुटी धाम, शिव मारूति मंदिर मडफा तालाब सहित जैतहरी, पसान, कोतमा, बिजुरी, राजेन्द्रग्राम, अमरकंटक सहित ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा अर्चना के लिए पहुंची। यहां भक्तों ने मंदिरों और घरों में माता सीता संग भगवान श्रीराम और उनके भक्त श्रीहनुमान की विधि विधान से पूजा अर्चना की और प्रसाद वितरण किया। बिजुरी के हनुमान मंदिर में स्थानीय भक्तों ने कीर्तन भजन कर हर्षोल्लास के साथ रामनवमी का त्योहार मनाया।





### जगह जगह भंडारे का आयोजन, निकाली गई शोभायात्राएं

चैत्र नवरात्रि के नौवीं और रामनवमी दोनों पर्व के एक साथ होने पर जगह जगह श्रद्धालुओं द्वारा भंडारे का भी आयोजन किया गया। हिन्दु धर्म शास्त्रों के अनुसार त्रेतायुग में रावण के अत्याचारों को समाप्त करने तथा धर्म की पुनः स्थापना के लिए भगवान विष्णु ने मृत्यु लोक में श्रीराम के रूप में अवतार लिया था। श्रीराम चन्द्र चैत्र शुक्ल की नवमी को रानी कौशल्या और राजा दशरथ के घर जन्म लिए थे। रामनवमी का त्योहार हजारों सालों से मनाया जा रहा है। यह पर्व, श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाता है। रामनवमी के दिन ही चैत्र नवरात्र की समाप्ति भी हो जाती है।



### सुरक्षा के व्यापाक इंतजाम

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी ने बताया कि नवरात्रि की समाप्ति और रामनवमी पर्व को देखते हुए जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था दुरूस्त रखी गई है। जिले के कुछ देवी स्थानों पर स्थापित किए गए ज्वारे के विसर्जन यात्रा का भी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें सुरक्षा व्यवस्थाओं के बीच कन्या, महिलाएं व भक्तों द्वारा ज्वारा अपने माथे पर रखकर जुलूस निकालकर मां के जयकारे लगाएंगे। इनकी सुरक्षा के लिए 3 एसडीओपी सहित 10 निरीक्षक और स्थानीय थाना क्षेत्रों की 200 बल तालाब, जलाशय, नदी के पास तैनात किए गए हैं। इसके साथ अधिकारियों को सुरक्षा बरतने के साथ विसर्जन के लिए पहुंचने वाले लोगों को भी सुरक्षार्थ की सूचना देते हुए विसर्जन करने की अपील के निर्देश दिए हैं।

# एक साथ आपस में मिले तीन हाथी, ग्रामीणों के साथ प्रशासन की बढ़ी चिंता

## घरों को नुकसान पहुंचाते हाथी पहुंचा धनगवां, रातभर 15 किलोमीटर का किया सफर





विजय मत, अनूपपुर।

छत्तीसगढ़ की वनसीमा लांघकर अलग अलग दिनों में अनूपपुर वनसीमा में पहुंचे तीन हाथी रविवार की सुबह धनगवां के जंगल में एक साथ आपस में मिल गए हैं। जिसके बाद दो गुट में अब तक विचरण कर रहे हाथी फिर एक साथ किसी जंगल में विचरण करने के साथ गांवों में प्रवेश कर घरों के साथ फसलों को नुकसान पहुंचाएंगे। हाथियों के एक साथ आ जाने के बाद अब ग्रामीणों के साथ वनविभाग और जिला प्रशासन की चिंताएं बढ़ गई है। जिसे देखते हुए वनविभाग ने अपने निगरानी अमले को और अधिक सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। वहीं जिला प्रशासन द्वारा राजस्व अमले, स्थानीय पुलिस को आसपास के गांवों में मुनादी कराते हुए निगरानी बढ़ाने और ग्रामीणों के सुरक्षा के इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि आहार की तलाश में आए दिन हाथियों का दल छत्तीसगढ़ की वनसीमा लांघकर अनूपपुर के जैतहरी वनपरिक्षेत्र में प्रवेश कर आता है, जिसके बाद लम्बे समय तक विभिन्न वनपरिक्षेत्रों में अस्थायी रहवास बनाते हुए गांवों की सीमाओं में घुसकर घरों, भंडारित अनाज और खेतों में लगी फसलों को नुकसान पहुंचाता है। शनिवार की रात भी एक हाथी गोबरी जंगल से धनगवां के जंगल विचरण करते हुए लगभग 15-17 किलोमीटर का सफर तय किया।

### दो घरों को नुकसान, अब उड़ी ग्रामीणों की नींद

एक दांत वाला नर हाथी शुक्रवार को गोबरी के जंगल से निकलते हुए बंजारीटोला, अमगवां, गुंआरी, चांदपुर, टकहुली, पटौरा गांव से होते हुए लगभग 17 किलोमीटर का सफर तय कर शनिवार की सुबह धनगवां बीट के जंगल में पहुंचा। यहां पूर्व से दो हाथी विश्राम कर रहे हैं। जिसके बाद शनिवार को शाम से सुबह तक दो ग्रामीणों के घरों में तोडफ़ोड़ कर तथा कई किसानों के खेत एवं बांड़ी में लगे विभिन्न फसलों को आहार बनाया और पुनः कुसुमहाई गांव से लगे धनगवां के जंगल पहुंचे हैं।

### रेत का अवैध परिवहन करते वाहन हुआ जब्त, मामला दर्ज




विजय मत, अनूपपुर।

करनपठार पुलिस ने रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन की सूचना पर कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर वाहन को जब्त करने के साथ दो आरोपियों के खिलाफ मामला भी दर्ज किया है। थाना प्रभारी पीसी कोल ने बताया कि 4 अप्रैल को देहात भ्रमण के दौरान ग्राम सिवनी संगम में सूचना मिली कि ग्राम सिवनी संगम तरफ से गोरखपुर जिला डिंडौरी के लिए ट्रैक्टर वाहन क्रमांक एमपी 52एए 2076 जो रेत अवैध रूप से चोरी का लोड करके परिवहन कर रहा है। मौके पर पहुंचकर सम्बंधित वाहन को रोक कर चालक से पूछताछ की गई, जहां चालक ने अपना नाम बृज सोहन आर्मो पिता इन्द्र पाल आर्मो उम्र 25 वर्ष और वाहन स्वामी सुनील मार्को पिता संतोष मार्को निवासी ग्राम गोरखपुर थाना गाडासरई जिला डिंडौरी बताया। चालक द्वारा न तो लायसेंस और ना ही रेत परिवहन सम्बंधित कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए, जिसके बाद वाहन जब्ती की कार्रवाई की गई और आरोपियों के खिलाफ धारा 303(2), 317(5), 3(5) बीएनएस एवं 4/21 खान व खनिज अधिनियम 1957 का अपराध पंजीबद्ध किया है।

### सात माह पूर्व लापता महिला को पुलिस ने किया दस्तयाब परिजनों को सौंपा

विजय मत, अनूपपुर।

राजेन्द्रग्राम पुलिस ने सात माह पूर्व अपने घर से बिना सूचना लापता हुई महिला को पुलिस ने दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया है। थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार बरकरे ने बताया कि 9 सितम्बर 2024 को सूचनाकर्ता दशरथ चंद्रवंशी पिता मंहगू चंद्रवंशी निवासी नौगवां नें थाना राजेन्द्रग्राम में सूचना दर्ज कराई थी कि उसकी पत्नी 25 वर्षीय शालिनी चंद्रवंशी 3 सितम्बर 2024 को घर में बिना बताए कहीं चली गई है। तलाश किए जाने के बाद भी कोई पता नहीं चला है। सूचना के आधार पर गुम इंसान कायम कर मामले की विवेचना आरंभ की गई। जहां 5 अप्रैल को बिलासपुर (छग.) से महिला को दस्तयाब कर उसके पति दशरथ चंद्रवंशी के सुपुर्द किया है।

### सट्टा पट्टी खिलाते सटोरी को पुलिस ने पकड़ा, 2130 रुपए बरामद

विजय मत, अनूपपुर।

बिजुरी पुलिस द्वारा अवैध सटोरिया के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सट्टा पट्टी खिला रहे सटोरी 33 वर्षीय मनोज सिंह को गिरफ्तार किया, जिसके कब्जे से 2130 रुपए नगद बरामद भी किए हैं। थाना प्रभारी विकास सिंह ने बताया कि 5 अप्रैल को मुखबिर द्वारा बिजुरी पुलिस को सूचना दी गई कि एक व्यक्ति माइन्स कॉलोनी बिजुरी में सट्टा पट्टी काट रहा है। सूचना पर बिजुरी पुलिस द्वारा माइन्स कॉलोनी में घेराबंदी कर छापामार कार्रवाई की तो 33 वर्षीय मनोज सिंह गोंड पिता दीपचंद गोंड निवासी माइन्स कॉलोनी को मौके पर अवैध सट्टा पट्टी काटते पाया गया। जिसके पास से सट्टा पर्ची, सट्टा पर्ची लिखने की डॉट पेन एवं नगद 2130 रुपए बरामद किया। आरोपी के खिलाफ धारा 4(क) सट्टा एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है।




**लापरवाही**

दो थाना क्षेत्रों के पीएम सहित एमएलसी की भी संभाल रहे जिम्मेदारी, मरीज प्राथमिक जांच बाद हो रहे रेफर

# पीएचसी से सीएचसी में नहीं हुआ बिजुरी स्वास्थ्य केन्द्र का उन्नयन

विजय मत, अनूपपुर।

बिजुरी नगरपालिका क्षेत्र के 15 वार्ड की आबादी लगभग 33 हजार है, इसके अलावा आसपास के दर्जनों गांव की भी स्वास्थ्य सेवाएं बिजुरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से ही जुड़ी है। जिसे देखते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों व नगरवासियों ने स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाते हुए इसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में उन्नयनित करने की मांग की। जहां सीएम द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद भी बिजुरी प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं का उन्नय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में अब तक नहीं हो सका है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुरी में वर्तमान समय में दो चिकित्सक है, जिनमें एक को आसपास के स्वास्थ्य केन्द्रों की जिम्मेदारी निभानी पड़ती है, जबकि एक के भरोसे बिजुरी स्वास्थ्य सेवाओं का संचालन किया जा रहा है। जिसके कारण मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। एक चिकित्सक ही दिन और रात के समय मरीजों को देख रहे हैं। जिसमें गंभीर मरीजों का इलाज स्थानीय स्तर पर करने की बजाय रेफर किया जा रहा है। इसमें मरीज के साथ साथ परिजनों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### एक डॉक्टर के भरोसे लाखों की आबादी




### चिकित्सक एक, नहीं कोई विशेषज्ञ

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुरी पर वर्तमान में राजनगर क्षेत्र के सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी क्षेत्र के दर्जनों ग्राम के मरीज इलाज के लिए आश्रित हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी में भी इस समय कोई चिकित्सक पदस्थ नहीं है। सबसे बड़ी परेशानी यहां लाखों की आबादी वाले क्षेत्र में एक भी विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं है।

### पोस्टमार्टम और एमएलसी की भी जिम्मेदारी

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुरी में प्रतिमाह पांच पोस्टमार्टम एवं 25-30 एमएलसी केस दर्ज होना अनुमानित है। ये केस बिजुरी एवं रामनगर थाना क्षेत्र से आते हैं। इसके साथ ही प्रतिदिन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुरी में 50 मरीज ओपीडी में इलाज के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में पोस्टमार्टम तथा एमएलसी के केस पहुंचने पर इलाज कार्य को छोडक़र इन कार्यों को भी समय पर चिकित्सक को करना पड़ता है। इसमें एमएलसी और ओपीडी दोनों काम प्रभावित होते हैं। एक चिकित्सक की तैनाती होने के बावजूद विभाग के द्वारा गैर जरूरी कार्यों में चिकित्सक को संलग्न कर दिए जाने के कारण नगर के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ उस दिन नहीं मिल पाता है। जिसमें कई बार समय पर इलाज न मिलने के कारण मरीजों की मौत भी हो जाती है।

# आईपीएल में मुम्बई और आरसीबी में आज होगा मुकाबला

**मुंबई, एजेंसी**

मुंबई इंडियंस की टीम सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने घरेलू मैदान पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से मुकाबला करेगी। मुम्बई का लक्ष्य इस मैच में जीत के साथ ही लीग में वापसी करना रहेगा। उसे अभी तक चार में से तीन मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। टीम के बल्लेबाज और गेंदबाज अब तक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। टीम को स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा के अलावा और तिलक वर्मा के खराब प्रदर्शन का खामियाजा भी भुगतना पड़ा है। मुंबई की बल्लेबाजी अभी तक सूर्यकुमार पर टिक है केलव सूर्या ने चार मैच में 177 रन बनाए हैं। सूर्यकुमार ने लखनऊ के खिलाफ अर्धशतक लगाया था पर इसके बाद भी टीम जीत नहीं पायी क्योंकि अन्य बल्लेबाज रन नहीं बना पाये। लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ कप्तान हार्दिक पांड्या को छोड़कर उसके अन्य गेंदबाज विफल रहे थे। पांड्या ने ही केवल पांच विकेट लिए थे। मुंबई इंडियंस के लिए राहत की बात ये है कि उसके प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टीम से जुड़ गए हैं हांलांकि वह खेल पाते हैं या नहीं ये अभी तय नहीं है। ऐसे में मुंबई की टीम को अगर जीत हासिल करनी है तो उसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

### शाम 7:30 बजे से होगा मुकाबला




### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**मुंबई इंडियंस-** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, रॉबिन मिंज, रयान रिकेल्टन, श्रीजीत कृष्णन, बेवोन जैकब्स, तिलक वर्मा, नमन धीर, विल जैक्स, मिशेल सेंटनर, राज अंगद बावा, विग्नेश पुथुर, कॉर्बिन बॉश, ट्रेंट बोल्ट, कर्ण शर्मा, दीपक चाहर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, वीएस पेनमेट्सा, अर्जुन तेंदुलकर, मुजीब उर रहमान, जसप्रीत बुमराह।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु-** रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, फिल साल्ट, जितेश शर्मा, देवदत्त पडिक्कल, स्वास्तिक छिकारा, लियाम लिविंगस्टोन, क्रुणाल पंड्या, स्वप्निल सिंह, टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, जोश हेजलवुड, रसिख सलाम डार, सुयश शर्मा, भुवनेश्वर कुमार, नुवान तुषारा, लुंगी एनगिडी, अभिनंदन सिंह, मोहित राठी, यश दयाल।

# कोच फ्लेमिंग बोले, धोनी से भविष्य को लेकर सवाल नहीं करता

**चेन्नई, एजेंसी**



आईपीएल टीम चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा है कि कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अभी अच्छे फार्म में हैं, इसलिए उनकी भविष्य को लेकर क्या योजनाएं हैं और वह कब संन्यास लेंगे। इसकी मुझे कोई जानकारी नहीं है। फ्लेमिंग ने हाल में कहा था कि धोनी के घुटने अभी पहले जैसे नहीं हैं, इसलिए वह निचले क्रम में उतर रहे हैं। इसके बाद से ही धोनी के संन्यास को लेकर अटकलें शुरु हो गयीं थीं। इसी को लेकर जब कोच से पूछा गया कि धोनी कब संन्यास ले रहे हैं ? तो फ्लेमिंग ने कहा कि मुझे नहीं पता, मैं बस उनके साथ काम करने का आनंद ले रहा हूं। वह अभी भी काफी फिट हैं और इसलिए मैं उनसे भविष्य के बारे में सवाल भी नहीं करता। फ्लेमिंग के इस बयान से धोनी के प्रशंसकों को भी राहत मिली है। धोनी अभी 43 साल के हो गये हैं ओर उनके प्रदर्शन में भी संकेत दिखने लगे हैं हालांकि इसके बाद भी धोनी ने अपनी फिटनेस और खेल के प्रति जुनून से सभी को हैरान किया हुआ है। इस उम्र में भी उनकी विकेटकीपर उच्च स्तर की है।

धोनी की टीम में मौजूदगी से भी युवा खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ता है। वह मैदान पर हों या बाहर, उनकी मौजूदगी ही टीम का हौसला बढ़ाती है। वह बहुत समझदारी से अपनी ऊर्जा का इस्तेमाल करते हैं। धोनी ने साल 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था पर वह आईपीएल में चेन्नई की ओर से खेलते रहे हैं। पिछले कुछ सत्र में उनके अच्छे प्रदर्शन को देखते हुए उनके प्रशंसकों को उम्मीद है कि वह कम से कम एक और सत्र खेलेंगे।

## बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने की तारीफ बोले-

# इस युग में द्रविड़ सर जैसे खिलाड़ी का साथ होना सौभाग्य की बात

**मुंबई, एजेंसी**

भारत के पूर्व मुख्य कोच और राजस्थान रॉयल्स के मेंटर (मार्गदर्शक) राहुल द्रविड़ की देखरेख में खेल रहे बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा कि इस युग में उनके जैसा सहानुभूति के साथ देखभाल करने वाला इंसान का साथ मिलना सौभाग्य की बात है। भारतीय टेस्ट टीम के मुख्य सलामी बल्लेबाज जायसवाल राजस्थान रॉयल्स के प्रमुख खिलाड़ी हैं। उन्होंने अपने करियर पर द्रविड़ के प्रभाव के बारे में पूर्व भारतीय दिग्गज को बेहतरीन इंसान और खिलाड़ी करार दिया।



जायसवाल ने कहा, 'वह एक बेहतरीन इंसान हैं। इस युग में द्रविड़ सर जैसे खिलाड़ी का होना सौभाग्य की बात है। जायसवाल ने बताया कि द्रविड़ एक इंसान के तौर पर किस तरह दूसरों से अलग हैं। 'मुझे लगता है कि वह एक बेहतरीन 'लीडर है। वे एक शानदार सहायक और देखभाल करने के साथ हमेशा सभी का ख्याल रखने वाले इंसान है। वह खिलाड़ियों में आत्मविश्वास भरते हैं, उन्हें भरोसा दिलाते हैं कि वे सही जगह पर हैं। वह सही मार्गदर्शन देते हैं, जो व्यक्तिगत करियर और पूरी टीम दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। द्रविड़ के साथ कोई भी बातचीत सीखने का मौका है। जायसवाल ने कहा, उनके करीब रहना सीखने का मौका है। यह सीख न केवल क्रिकेट के बारे में, बल्कि मैदान के बाहर उनके व्यवहार के बारे में भी है। उन्होंने वर्षों से इतनी शालीनता और संयम दिखाया है।

## आईपीएल अंक तालिका में शीर्ष पर है दिल्ली शीर्ष , सनराइजर्स अंतिम स्थान पर

**मुम्बई।** इंडियन प्रीमियर लीग ( आईपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स ने अभी तक अपने सभी मैच जीते हैं और वह 6 अंक लेकर आईपीएल अंक तालिका में पहले स्थान पर है। वहीं चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) की टीम लगातार तीन मैच हारी है और वह अंकतालिका में 9वें नंबर पर खिसक गई है। वहीं पंजाब किंग्स की लगातार दो जीत के बाद पहली हार मिली है। इस हार से पंजाब की टीम अंक तालिका में चौथे नंबर पर फिसल गई है। वहीं राजस्थान रॉयल्स सातवें नंबर पर बनी हुई है। आईपीएल अंक तालिका में दिल्ली कैपिटल्स पहले और सनराइजर्स हैदराबाद अंतिम 10वें नंबर पर है। वहीं दूसरे नंबर पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू है। मुंबई इंडियंस 8वें नंबर पर है। मुंबई इंडियंस की टीम टूर्नामेंट में 3 मैच हारी है। मुंबई के अलावा चेन्नई सुपरकिंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद की टीमें भी 3-3 मैच हारी हैं। आईपीएल 2025 की ऑरेंज और पर्पल कैप की दौड़ में अधिकतर विदेशी खिलाड़ी हैं। इसमें लखनऊ सुपरजायंट्स की ओर से खेल रहे वेस्टइंडीज के निकलस पूरन ऑरेंज कैप की दौड़ में सबसे अधिक 201 रन बनाकर पहले नंबर हैं। वहीं भारत के साई सुदर्शन 186 रन व ऑस्ट्रेलिया के मिचेल मार्श 184 रन बनाकर तीसरे नंबर पर हैं। इसके अलावा पर्पल कैप की बात करें तो अफगानिस्तान के नूर अहमद 10 विकेट लेकर सबसे अधिक विकेट रेस में सबसे आगे हैं। ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क 9 व भारत के हार्दिक पंड्या 8 विकेट लेकर तीसरे नंबर पर हैं।

# रोहित और मैं एक दूसरे पर काफी भरोसा करते हैंः विराट

**मुंबई, एजेंसी**



भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट ने कहा है कि सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा से उनका काफी अच्छा रिश्ता रहा है। दोनो ही एकदूसरे पर काफी भरोसा करते हैं और अब तक के करियर में उनका लक्ष्य टीम की जीत के लिए योगदार देना रहा है। रहा है क्योंकि उन्होंने टीम के लिए मैच जीतने के काम को करने के लिए एक-दूसरे पर भरोसा किया है। विराट ने आईपीएल में मुम्बई इंडियंस के खिलाफ मैच से पहले कहा, , जब आप इतने लंबे समय तक किसी के साथ खेलते हैं और आप खेल के बारे में विचार साझा करते हैं तो दोस्ती होना स्वाभाविक बात है। शुरुआत में, आप एक-दूसरे से सीख रहे होते है, आप शायद एक ही समय में अपने करियर में आगे बढ़ रहे होते हैं, और आप सभी तरह के सवाल साझा करते हैं। हमने टीम के नेतृत्व के मामले में बहुत करीब से काम किया है। इसलिए हमेशा विचारों पर बात होती थी और हम उस विशेष स्थिति या उस विशेष खेल की मांग को लेकर ही खेलते थे।

इस दोनो ने ही भरतीय टीम के लिए कई मैच जीते हैं और 2013 और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी जीतने मिलकर काम किया। इसके अलावा 2024 पुरुष टी20 विश्व कप जीतने के साथ ही टी20 प्रारुप से संन्यास लिया। उन्होंने कहा, एक विश्वास कारक है जो टीम के लिए काम करने के लिए एक-दूसरे पर भरोसा करने को लेकर बनता है। हमने भारत के लिए इतने लंबे समय तक एक साथ खेलने का आनंद लिया है। हम अपने करियर को इतना लंबा बनाने में सक्षम थे क्योंकि जब हम युवा थे, जैसा कि मैंने कहा, यह पक्का नहीं था कि हम भारत के लिए 15 साल तक खेलने जा रहे हैं। कोहली ने अंत में कहा, यह यात्रा बहुत लंबी और लगातार जारी रही। इसलिए, मैं उन सभी यादों और पलों के लिए बहुत-बहुत आभारी और बहुत खुश हूं, जिन्हें हमने साझा किया है। विराट के इस बयान से उनक बातों पर भी विराम लग गया जिसमें कहा जाता रहा है कि दोनो के बीच मतभेद रहे हैं।



## कारोबारी धारणा बिगड़ने की वजह से सभी तेल-तिलहनों के दाम में गिरावट देखी गई

# बीते सप्ताह तेल-तिलहनों में गिरावट, मूंगफली, सरसों के भाव बढ़े

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बीते सप्ताह विदेशी बाजारों में खाद्य तेलों की कीमतें कम होने तथा 'शुल्क युद्ध' की बढ़ती आशंकाओं के बीच कारोबारी धारणा बिगड़ने की वजह से सभी तेल-तिलहनों के दाम में गिरावट देखी गई और सरसों, मूंगफली एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम नुकसान के साथ बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि इससे पिछले सप्ताह जिस कच्चे पामतेल (सीपीओ) का दाम 1,200-1,205 डॉलर प्रति टन था, वह समीक्षाधीन सप्ताह में घटकर 1,160-1,165 डॉलर प्रति टन रह गया। बाजार धारणा बिगड़ने का यह मुख्य कारण रहा। हालांकि, यह दाम जो पहले सोयाबीन से लगभग 100 डॉलर अधिक था वह अब घटने के बाद सोयाबीन से लगभग 60 डॉलर अधिक ही है। हालांकि, जितना पाम, पामोलीन तेल का दाम टूटा है, उतनी गिरावट सोयाबीन में नहीं आई। बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 75 रुपये की गिरावट के साथ 6,200-6,300 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का थोक भाव 450 रुपये की गिरावट के साथ 13,000 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 40-40 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 2,340-2,440 रुपये और 2,340-2,465 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज का थोक भाव क्रमशः 25-25 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 4,400-4,450 रुपये और 4,100-4,150 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। इसी तरह सोयाबीन दिल्ली एवं सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम के दाम क्रमशः 425 रुपये, 325 रुपये और 225 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 13,400 रुपये, 13,150 रुपये और 9,550 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए।स मीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तिलहन का भाव 150 रुपये की गिरावट के साथ 5,700-6,075 रुपये क्विंटल पर बंद हुआ। वहीं मूंगफली तेल गुजरात और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल का भाव क्रमशः 450 रुपये और 55 रुपये की गिरावट के साथ 14,200 रुपये और 2,235-2,535 रुपये प्रति टिन पर बंद हुआ। कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का दाम 350 रुपये की गिरावट के साथ 12,700 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पामोलीन दिल्ली का भाव 400 रुपये की गिरावट के साथ 14,100 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव 350 रुपये की गिरावट के साथ 13,100 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। गिरावट के आम रुख के अनुरूप समीक्षाधीन सप्ताह में बिनौला तेल 375 रुपये की गिरावट के साथ 13,500 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।



# यूएसबी-सी चार्जिंग वाली नोवा और नोवा प्रो बाइक्स पेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ई-बाइक निर्माता एम्पलेर ने यूएसबी-सी चार्जिंग वाली नोवा और नोवा प्रो बाइक्स पेश की हैं। इन बाइक्स में यूएसबी-सी पोर्ट को फ्रेम में इंटीग्रेट किया गया है, जिससे इन्हें किसी भी लैपटॉप चार्जर या अन्य यूएसबी-सी चार्जिंग डिवाइस से चार्ज किया जा सकता है।

इस पोर्ट के जरिए गैजेट्स को भी चार्ज किया जा सकता है, हालांकि यह सुविधा अभी केवल यूरोप के लिए उपलब्ध है। एम्पलेर की नोवा सीरीज की बाइक्स में 48वी 336 डब्ल्यूएच की इंटीग्रेटेड बैटरी दी गई है, जिसे यूएसबी-सी पीडी 3.1 चार्जर की मदद से महज तीन घंटे में फुल चार्ज किया जा सकता है। आमतौर पर इतनी क्षमता की बैटरी को चार्ज होने में पांच घंटे या उससे ज्यादा का समय लग जाता है, लेकिन नई तकनीक के जरिए यह प्रक्रिया तेज हो गई है। 240 वॉट यूएसबी-सी चार्जर आने से चार्जिंग और भी तेज हो सकती है। कंपनी ने इन बाइक्स को आईकेईए और मेकबुक चार्जर के साथ भी टेस्ट किया है। यदि ग्राहक के पास संगत चार्जर नहीं है, तो एम्पलेर 80 में 140 वॉट यूएसबी-सी पीडी 3.1 चार्जर उपलब्ध कराएगा।

नोवा और नोवा प्रो बाइक्स यूके, ईयू और स्विट्जरलैंड में प्री-ऑर्डर के लिए उपलब्ध हैं और इनकी शिपिंग जून 2025 से शुरू होगी। कंपनी ने जर्मनी में सर्विस सेंटर्स और यूरोप में एम्पलेर फ्रेंडली वर्कशॉप्स का एक नेटवर्क तैयार किया है।

# ट्रंप के टैरिफ का असर, जेएलआर ने रोका अमेरिका को कारों का निर्यात

- टाटा मोटर्स ने साल 2008 में फोर्ड मोटर्स से जेएलआर का खरीदा था

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया के कई देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगा दिया है और इसके साथ ही अप्रैल में कारों पर 25 फीसदी टैरिफ भी लागू हो गया है। इस फैसले के चलते जगुआर लैंड रोवर ने अपने मैन्युफैक्चरिंग प्लांट से अमेरिका को कारों का निर्यात रोक दिया है। जगुआर लैंड रोवर के प्रवक्ता ने बताया कि वे अमेरिकी बाजार में नई ट्रेडिंग टर्म की दिशा में काम कर रहे हैं और ब्रिटेन में बदलाव को ध्यान में रखते हुए अमेरिका के लिए कारों का निर्यात रोक दिया है। जगुआर लैंड रोवर के ग्राहकों के लिए यह फैसला एक बड़ा झटका है, क्योंकि यह कंपनी ब्रिटिश प्लांट से अमेरिका में अपनी गाड़ियां निर्यात करती थी। ब्रिटिश वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने साल 2008 में फोर्ड मोटर्स से जेएलआर का खरीदा था और इसके बाद से जगुआर लैंड रोवर की व्यापक मौजूदगी अमेरिकी बाजार में बढ़ती रही थी। उसके प्रवक्ता ने कहा, जगुआर लैंड रोवर के लक्जरी ब्रांडों के लिए अमेरिका एक उत्कृष्ट मार्केट है, और हम अपनी नई ट्रेडिंग टर्म को एड्रेस करने के लिए काम कर रहे हैं। हम अपने बिजनेस पार्टनर्स के साथ काम कर रहे हैं ताकि हम अपनी उद्यमिता को बनाए रख सकें। इस बदलाव के चलते जगुआर लैंड रोवर ने अप्रैल में निर्यात खेप रोकने का फैसला लिया है, जो कि कंपनी के लिए एक व्यापक और महत्वपूर्ण फैसला है। इससे पहले कंपनी ने बताया था कि उसके लक्जरी ब्रांडों की ग्लोबल अपील है और वह बदलती बाजार स्थितियों का सामना करने के लिए तैयार है। जगुआर लैंड रोवर द्वारा यह फैसला भारतीय वाहन उद्योग के लिए भी एक सख्त प्रतिक्रिया है, क्योंकि दुनिया भर में बढ़ते ट्रेडिंग टर्म्स कंपनियों को अपनी व्यवस्थाओं को सहायक बनाने के लिए मजबूर कर रहे हैं। इससे सामाजिक और आर्थिक प्रभाव के बारे में बहस भी बढ़ रही है।

# सेंसेक्स की शीर्ष नौ कंपनियों का मार्केट कैप 2.94 लाख करोड़ घटा

- सबसे अधिक नुकसान में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) रही

**मुंबई, एजेंसी**

पिछले सप्ताह कम कारोबारी सत्रों के दौरान सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से नौ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 2,94,170.16 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) रही। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। भारती एयरटेल एकमात्र कंपनी रही, जिसकी बाजार हैसियत बढ़ी है। समीक्षाधीन सप्ताह में टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 1,10,351.67 करोड़ रुपये घटकर 11,93,769.89 करोड़ रुपये रह गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 95,132.58 करोड़ रुपये घटकर 16,30,244.96 करोड़ रुपये पर और इन्फोसिस का 49,050.04 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 6,03,178.45 करोड़ रुपये पर आ गया। बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 14,127.07 करोड़ रुपये घटकर 5,40,588.05 करोड़ रुपये रही। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 9,503.66 करोड़ रुपये घटकर 9,43,264.95 करोड़ रुपये पर आ गया। निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 8,800.05 करोड़ रुपये घटकर 13,90,408.68 करोड़ रुपये पर और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का मूल्यांकन 3,500.89 करोड़ रुपये घटकर 5,27,354.01 करोड़ रुपये रह गया। भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 3,391.35 करोड़ रुपये घटकर 6,85,232.33 करोड़ रुपये रहा। आईटीसी की बाजार हैसियत 312.85 करोड़ रुपये घटकर 5,12,515.78 करोड़ रुपये पर आ गई। इस रुख के विपरीत भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 7,013.59 करोड़ रुपये बढ़कर 9,94,019.51 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा।



# एक लीटर पेट्रोल में 73 किमी का माइलेज देती है हीरो बाइक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अगर आप ऑफिस आने-जाने के लिए फ्यूल एफिशिएंट बाइक की तलाश में हैं, तो हीरो स्प्लेंडर प्लस एक्सटेक 2.0 आपके लिए एक बेहतरीन चॉइस हो सकती है। हीरो मोटोकॉर्प की इस बाइक की दिल्ली में एक्स-शोरूम कीमत 83,571 रुपए है। आरटीओ, इंश्योरेंस और अन्य चार्ज जोड़ने पर इसकी ऑन-रोड कीमत राज्य अनुसार अलग-अलग हो सकती है, लेकिन यह फिर भी 84,000 रुपए से कम में आ सकती है।

हीरो स्प्लेंडर प्लस एक्सटेक 2.0 में 9.8 लीटर का फ्यूल टैंक है और कंपनी का दावा है कि यह बाइक अराई सर्टिफिकेशन के अनुसार एक लीटर पेट्रोल में 73 किलोमीटर का माइलेज देती है। यानी फुल टैंक पर यह बाइक लगभग 715 किलोमीटर तक चल सकती है। हालांकि, असली माइलेज सड़क की स्थिति और राइडिंग स्टाइल पर निर्भर करता है।

इस बाइक में 97.2 सीसी का 4-स्ट्रोक, एयर-कूल्ड सिंगल सिलेंडर इंजन दिया गया है जो पावरफुल परफॉर्मेंस के साथ अच्छी ईंधन दक्षता भी देता है। ब्रेकिंग के लिए फ्रंट और रियर दोनों में ड्रम ब्रेक्स दिए गए हैं। बाइक के फीचर्स भी काफी आधुनिक हैं। इसमें फुल डिजिटल मीटर, रियल टाइम माइलेज इंडिकेटर, इको इंडिकेटर, ब्लूटूथ कनेक्टिविटी के साथ कॉल और एसएमएस अलर्ट, और हजार्ड लाइट जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

## 35 हजार रुपये तक सस्ती मिल रही मारुति ईको

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी की ईको कार इस महीने खास ऑफर के तहत 35,000 रुपये तक सस्ती मिल रही है। कंपनी इस पर 10,000 रुपये तक का कैश डिस्काउंट और 25,000 रुपये तक का स्क्रैपेज बोनस दे रही है। यह ऑफर 30 अप्रैल 2025 तक ही मान्य है। ईको की एक्स-शोरूम कीमतें फिलहाल 5.44 लाख से 6.70 लाख रुपये तक हैं। हालांकि, कंपनी ने साफ कर दिया है कि मई से कार की कीमतों में 62,000 रुपये तक की बढ़ोतरी की जाएगी। ऐसे में यह ऑफर कार खरीदने वालों के लिए एक अच्छा मौका साबित हो सकता है।

### कार्यकर्ताओं की मेहनत से भाजपा बनी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी

# भाजपा के ब्रांड एंबेसडर बनकर घर-घर जाएं कार्यकर्ता : विष्णुदत्त शर्मा

**विजय मत, भोपाल**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने पार्टी के स्थापना दिवस पर रविवार को प्रदेश कार्यालय में भारतमाता एवं डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी, पं.दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर पार्टी का ध्वज फहराया। प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी। उत्साहित कार्यकर्ताओं ने आतिशबाकरजी अपनी खुशी व्यक्त की एवं एक-दूसरे को बधाईयां दी। प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने देश-प्रदेश के नागरिकों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि करोड़ों कार्यकर्ताओं के परिश्रम से भारतीय जनता पार्टी आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है।



### यथार्थ में बदल रहा अंत्योदय का विचार

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय का जो विचार पार्टी को दिया था, उसे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यथार्थ में बदल रहे हैं। एक गरीब मां के बेटे प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन में बदलाव आया है और देश के 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री मोदी गरीबों के मसीहा के रूप में उभरे हैं। आज पार्टी के स्थापना दिवस पर हम सभी कार्यकर्ता ये संकल्प लें कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अंतिम व्यक्ति के कल्याण लिए जो अभियान चल रहा है, उसे आगे बढ़ाने के लिए समर्पित होकर काम करेंगे।

### गरीब कल्याण की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का संकल्प ले कार्यकर्ता

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने प्रदेश कार्यालय में पार्टी के अरेरा मंडल के वार्ड 45 के बूथ क्रमांक 159 के प्राथमिक सदस्यों के सम्मेलन में बूथ अध्यक्ष गोविन्द सिंह माउडी का अंग वस्त्र पहनाकर सम्मान किया और सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना जनसंघ के रूप में बलिदानों के आधार पर हुई। देश के पहले प्रधानमंत्री पं. नेहरू ने जब कश्मीर में धारा 370 लगाकर दो निशान, दो विधान और दो प्रधान का प्रावधान किया तो उनके मंत्रिमंडल के सदस्य डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने उसका विरोध किया और इस्तीफा देकर जनसंघ की स्थापना की। उन्होंने कश्मीर जाकर सत्याग्रह किया और जेल में उनकी हत्या कर दी गई। पार्टी को अंत्योदय का विचार देने वाले पं. दीनदयाल उपाध्याय उत्तरप्रदेश के नगला चंद्रभान में जिस झोपड़ी में जन्मे थे, उसे देखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आंखें नम हो गई थीं। उन्होंने संकल्प लिया कि देश में कोई गरीब झोपड़ी में नहीं रहेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरुआत हुई। गरीब मां के बेटे मोदी ने अपनी मां को चूल्हा फूंकते हुए खाना बनाते देखा था। उन्होंने कहा कि अब किसी गरीब मां के फेंफड़े धुएं से खराब नहीं होंगे। उन्होंने उज्जवला योजना की शुरुआत की और आज देश के 16 करोड़ गरीब परिवारों को गैस कनेक्शन देकर धुएं से राहत दी है। आयुष्मान भारत योजना में पांच लाख तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है और अब कोई गरीब पैसे के अभाव में इलाज से वंचित नहीं रहेगा। तीन तलाक पर रोक के लिए बनाए गए कानून से मुस्लिम बहनों के जीवन में खुशियां आई हैं। शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ सभी समाज एवं वर्ग के व्यक्तियों को बिना किसी भेदभाव के मिल रहा है। इस बात को आप सभी कार्यकर्ताओं को निचले स्तर तक लेकर जाना है। आज पार्टी के स्थापना दिवस पर आप सभी कार्यकर्ता यह संकल्प लें कि आप सभी भाजपा के ब्रांड एंबेसडर बनकर बूथ-बूथ और घर-घर तक जाएंगे तथा वंचितों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाएंगे। कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रदेश शासन के मंत्री चेतन कश्यप, पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा सिंह जादौन, प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल एवं जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति मंचासीन रहे।

**साकार हो रहा अटलजी का सपना ...** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम सभी के लिए ऐतिहासिक दिन है। जनसंघ के बाद 1980 में 6 अप्रैल को ही स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई थी। मुंबई में पार्टी के पहले अधिवेशन को संबोधित करते हुए स्व. अटलजी ने कहा था कि अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में स्व. अटलजी का यह सपना साकार हो रहा है। देश के हर क्षेत्र में कमल खिला है। पंच-सरपंच से लेकर प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति तक भाजपा के नेता हैं।

## मंत्री टेटवाल को डी लिट की मानद उपाधि से किया गया सम्मानित



**विजय मत, भोपाल**

शिक्षा, तकनीकी नवाचार और कौशल विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल को अमलतास विश्वविद्यालय, देवास के दीक्षांत समारोह में डॉक्टर ऑफ लिटरेचर (D.Litt.) की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया।

मंत्री टेटवाल को यह उपाधि शिक्षा को रोजगारोन्मुख बनाने, युवाओं को तकनीकी दक्षता से जोड़ने तथा आधुनिक और व्यावहारिक शिक्षा व्यवस्था को बढ़ावा देने के उनके सतत प्रयासों के लिए प्रदान की गई है। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. इंदर सिंह परमार ने उन्हें डी. लिट की मानद उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया। मंत्री मंत्री टेटवाल ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए जीवन का गौरवपूर्ण क्षण है। उन्होंने कहा कि यह केवल उनका व्यक्तिगत नहीं, बल्कि उन सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों, तकनीकी विशेषज्ञों और युवाओं का सम्मान है, जो अपने ज्ञान व कौशल के माध्यम से प्रदेश और देश के विकास में योगदान दे रहे हैं। मंत्री टेटवाल ने कहा कि शिक्षा और तकनीक आज के युग की सबसे बड़ी शक्ति है और उनका सदैव प्रयास रहा है कि शिक्षा को रोजगार से जोड़ते हुए युवाओं को आत्मनिर्भर बनाया जाए।

मंत्री टेटवाल सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र से दूसरी बार विधायक निर्वाचित हुए हैं। उनके नेतृत्व में मध्यप्रदेश में तकनीकी शिक्षा, औद्योगिक प्रशिक्षण एवं डिजिटल कौशल के क्षेत्र में कई नवाचार हुए हैं। उन्होंने प्रदेश में नई तकनीकी संस्थाओं की स्थापना, नवीन रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की शुरुआत तथा ग्रामीण-शहरी युवाओं को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। दीक्षांत समारोह में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षाविदों और तकनीकी विशेषज्ञों की उपस्थिति रही। अमलतास विश्वविद्यालय परिवार द्वारा मंत्री टेटवाल को इस उपलब्धि पर बधाई और शुभकामनाएं दी गईं।

## न्यूज इन शॉर्ट

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों को दी राम नवमी की बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के अवतरण दिवस राम नवमी पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि कृपासिंधु प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद से सभी का कल्याण हो और मध्यप्रदेश व देश प्रगति के नए कीर्तिमान स्थापित करता रहे; यही कामना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया के लिए जारी संदेश में कहा कि युगों-युगों से भगवान श्रीराम के जीवन की एक-एक घटना लोगों के मन मस्तिष्क में अंकित है। केवल सनातनी ही नहीं अपितु सभी देशवासी भगवान राम के जीवन से प्रेरणा प्राप्त करते हैं। सरयू किनारे भगवान राम के भवन मंदिर का निर्माण हो चुका है, भगवान श्रीराम ने ग्यारह साल से अधिक की अवधि चित्रकूट में बिताई, राज्य सरकार चित्रकूट के विकास को प्राथमिकता देते हुए गतिविधियां संचालित कर रही है, शीघ्र ही चित्रकूट अलग रूप में दिखाई देगा।

### दिव्यांग छात्रावास की स्थापना एवं संचालन, स्कूल शिक्षा विभाग ने छात्रावास निर्माण के लिये बजट में किया है प्रावधान

**भोपाल।** प्रदेश के संभागीय मुख्यालयों पर दिव्यांग विद्यार्थियों के लिये 50 सीटर बालक और 50 सीटर बालिका दिव्यांग छात्रावास निर्माण के लिये प्रति इकाई 3 करोड़ 50 लाख रुपये की स्वीकृति स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लोक निर्माण विभाग को दी गयी है। दिव्यांग छात्रावास का निर्माण संभागीय मुख्यालय पर स्थित ऐसे स्कूलों में किया जायेगा, जहाँ सह-शिक्षा उपलब्ध है। वर्तमान में ऐसे दिव्यांग विद्यार्थी, जो कक्षा 8वीं तक की शिक्षा राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा संचालित छात्रावास में रहकर पास करते हैं, उन दिव्यांग विद्यार्थियों को कक्षा-9 और उससे ऊपर की कक्षाओं में पढ़ाई के लिये राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा संचालित छात्रावास में व्यवस्था की गयी है। स्वीकृत छात्रावासों में से ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन, शहडोल तथा नर्मदापुरम में निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष संभागीय मुख्यालयों में कार्य प्रगति पर है।

### पोषण ट्रेकर बनाएगी सरकार, जन्म से लेकर हजार दिन तक बच्चों पर रखी जाएगी नजर

**भोपाल।** जन्म से हजार दिवस तक बच्चों के पोषण का ख्याल रखने के लिए पोषण ट्रेकर बनाया जा रहा है। कुपोषण को कम करने के लिए न केवल पोषण अभियान चलाया जाएगा, बल्कि जीवन के हजार प्रथम दिवस थीम पर हर दिन की जानकारी रखी जाएगी। केन्द्र सरकार ने निर्देश जारी किए। जन्म के बाद से हजार दिन तक बच्चों के स्वास्थ पर नजर रखने के लिए हर साल चलाए जाने वाली पखवाड़े पर हजार दिन तक चलाने के निर्देश जारी किए है। केन्द्रीय महिला बाल विकास मंत्रालय बीमारियों से बचाने के प्रयास समुदाय अधिकारिक पोषण प्रबंधन के माध्यम से कुपोषण के साथ साथ बच्चों में मोटापे की समस्या को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवन शैली की थीम पर गतिविधियां आयोजित की जाएगी। कुपोषण पखवाड़े के दौरान सेक्टर एवं परियोजना जिला स्तर की गतिविधियां आयोजित की जाएगी, जिसमें पोषण संसाधनों को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। दैनिक गतिविधियों के साथ तिथि वार थीम आधारित केलेंडर जारी किया गया है। सभी जिलों में पखवाड़े के दौरान इसी के आधार पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। महिलाओं और धातरी माताओं एवं किशोरी बालिकाओं के लिए पोषण ट्रेकर में हितग्राही मॉडल जारी किया गया है जिसमें समूह चर्चा कुपोषित बच्चों की जांच एनिमियां जागरूकता शिविर लगेंगे। सभी कलेक्टरों को निर्देशित किया गया है कि 8 अप्रैल को पखवाड़े की शुरुआत स्थानी प्रतिनिधियों की मौजूदगी के रूप में बड़े आयोजन किए जाए एवं जन सामान्य पोषण की शपथ दिलाई जाए।

### उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का लोकार्पण

## बेहतर स्वास्थ्य सेवा के लिये राज्य सरकार प्रतिबद्धः उदय प्रताप सिंह

**विजय मत, भोपाल**



स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ देने के लिये राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य से जुड़ी सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। मंत्री सिंह नरसिंहपुर जिले के विकासखण्ड साईंखेड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम डुंगरिया में 65 लाख रुपये लागत से नव-निर्मित उप स्वास्थ्य केन्द्र और सीएचओ आवासीय भवन के लोकार्पण के बाद जन-समुदाय को संबोधित कर रहे थे। मंत्री सिंह ने कहा कि इस स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों की बीपी, शुगर की जाँच, गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण और टीकाकरण किया जा सकेगा। मरीजों को यहाँ निःशुल्क दवाइयाँ उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने ग्रामीणों को आयुष्मान कार्ड के महत्व के बारे में बताया। जल गंगा संवर्धन अभियान की चर्चा करते हुए सिंह ने कहा कि इस महत्वपूर्ण कार्य में जिले में जन-भागीदारी अधिक से अधिक हो, इसके लिये सभी के प्रयास की जरूरत है। उन्होंने करीब 3 करोड़ 75 लाख रुपये लागत के पनागर से डुंगरिया मार्ग का भूमि-पूजन भी किया।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग पर प्रशिक्षण

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल द्वारा कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से 7 से 9 अप्रैल तक 3 दिवसीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग पर आधारित फसल उपज मॉडलिंग प्रशिक्षण का आयोजन विज्ञान भवन भोपाल मे किया जा रहा है। प्रशिक्षण में मध्यप्रदेश समेत देश के विभिन्न राज्यों के लगभग 100 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कृषि क्षेत्र में तकनीकि विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग तकनीकि का प्रचलन बढ़ाना है7 इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) मॉडलों जैसे (SVM, Random Forest, Neural Network, CNN, XGB) तथा डीप लर्निंग तकनीकों पर, राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र, इसरो, हैदराबाद, मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल एवं महालनोबिस राष्ट्रीय फसल पूर्वानुमान केंद्र, नई दिल्ली के विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया जायेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग आधारित फसल उपज मॉडलिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रतिभागियों को रिमोट सेंसिंग तकनीकि का उपयोग करके सटीक फसल उपज अनुमान के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

## शिवराज सिंह ने की विजयासन मां की पूजा बेटों-बहुओं और पत्नी के साथ पहुंचे मंदिर



**विजय मत, ब्यूरो, सीहोर**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सपरिवार सलकनपुर पहुंचकर मां विजयासन देवी की विधिवत पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने देश और प्रदेश की जनता के कल्याण, समृद्धि और सुख-शांति की प्रार्थना की। उन्होंने दुर्गाष्टमी पर विधि-विधान से माता का पूजन किया। शिवराज के साथ उनकी पत्नी साधना सिंह, दोनों बेटे कुणाल-कार्तिकेय और उनकी बहुएं भी मौजूद थीं। यह पहली बार है जब दोनों बेटों की शादी के बाद मंत्री चौहान परिवार सहित सलकनपुर पहुंचे। बता दें कि शिवराज सिंह चौहान हर साल दुर्गाष्टमी के अवसर पर माता विजयासन के दरबार में पहुंच कर पूजा-अर्चना करते हैं। हर साल की तरह इस साल भी नवरात्रि के पावन अवसर पर शहर के विश्रामघाट स्थित मरीह माता मंदिर में आस्था और उत्साह के साथ पर्व मनाया जा रहा है।

### पाँच वर्ष की योजना के लिये 750 करोड़ रूपये का प्रावधान

## हरित विकास और पर्यावरण संरक्षण के लिये मुख्यमंत्री नगरीय विकास योजना

**विजय मत, भोपाल**


नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने प्रदेश के नगरीय क्षेत्र में हरित स्थान विकास और सौन्दर्यपरक पर्यावरण के लिये मुख्यमंत्री नगर विकास योजना के क्रियान्वयन का निर्णय लिया है। पाँच वर्ष की इस योजना में वर्ष 2028-29 तक के लिये 750 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। यह योजना राज्य सरकार द्वारा अपने वित्तीय संसाधनों से संचालित करेगी।

विभाग द्वारा प्रत्येक नगर वन के विकास के लिये अधिकतम 2 करोड़ 50 लाख रूपये की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जायेगी। योजना में न्यूनतम क्षेत्रफल प्रति एकड़ 10 लाख रूपये नगर वन के सृजन के लिये नगरीय निकायों को अनुदान स्वरूप दिये जाएंगे। योजना के संबंध में नगरीय निकायों को निर्धारित प्रावधान के अनुसार प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिये गये है।

प्रदेश में नगरीय क्षेत्रों में जन-भागीदारी से नागरिकों की सुविधा के लिये अद्योसंरचना विकास के लिये ÷मुख्यमंत्री जन-सहभागिता निर्माण'' योजना चलाने का भी निर्णय लिया है। योजना में 150 करोड़ रूपये प्रति वर्ष के मान से 5 वर्षों के लिये 750 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। योजना में प्रतिवर्ष नगरपालिक निगमों के लिये 5 करोड़ रूपये, नगरपालिकाओं को एक करोड़ रूपये और नगर परिषदों को 25 लाख रूपये का अनुदान दिया जाएगा। जन-भागीदारी एवं राज्य शासन की आर्थिक सहायता का अनुपात समान रूप से 50-50 प्रतिशत रहेगा। योजना में नगरीय क्षेत्र के मोहल्लों में सीमेंट- कांक्रिट निर्माण, सीवरेज की उचित व्यवस्था के साथ कचरे के निपटान की उचित व्यवस्था को वरीयता दी जाएगी। योजना का क्रियान्वयन वर्ष 2028-29 तक किया जाएगा। प्रदेश में नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने शासकीय वाहनों को 80 प्रतिशत तक इलेक्ट्रिक वाहनों में परिवर्तित करने का कार्यक्रम बनाया है।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस आज - मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य जागरूकता के लिए होंगे आयोजन

**विजय मत, भोपाल**




विश्व स्वास्थ्य दिवस 07 अप्रैल को मनाया जा रहा है। इस अवसर पर सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मातृ एवं नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिए परामर्श एवं परिचर्चा सत्रों का आयोजन भी किया जाएगा। साथ ही हेल्थ स्क्रीनिंग कैंप भी आयोजित होंगे। इस वर्ष यह दिवस "Healthy Beginnings, Hopeful Futures" की थीम पर मनाया जा रहा है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन का संविधान 7 अप्रैल 1948 को लागू हुआ था। इसी उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष इस दिन को विश्व स्वास्थ्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि इस वर्ष स्वास्थ्य दिवस के आयोजन मातृ एवं नवजात शिशु स्वास्थ्य केंद्रित गतिविधियों के अनुरूप किए जा रहे हैं। मातृ एवं नवजात शिशुओं की मृत्यु न्यूनतम करना शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है।

**खास-खबर** स्वयंसेवी संस्थाओं की भी बढ़ रही है भागीदारी

## जल संरक्षण के कार्यों में समाज के प्रत्येक वर्ग का मिल रहा है सहयोग

**विजय मत, भोपाल**



प्रदेश में 30 मार्च से शुरू किये गये जल गंगा संवर्धन अभियान को अब समाज के प्रत्येक वर्ग का सहयोग मिल रहा है। अभियान के जरिये कुओं, नदियों, तालाबों, बावड़ियों के साथ स्टॉप डेम के आसपास साफ-सफाई और गहरीकरण के कार्य को प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। जन-भागीदारी के कार्यों में प्रशासनिक अमला भी कँधे से कँधा मिलाकर सहयोग कर रहा है।

छिंदवाड़ा में कलेक्टर शीलेंद्र सिंह के निर्देशन में जन-अभियान परिषद ने छोटा तालाब के कुण्ड की साफ-सफाई का कार्य शुरू किया। कार्य में नगर निगम के स्वच्छता ब्रॉण्ड एम्बेसडर विनोद तिवारी, विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों और वॉलेंटियर्स ने श्रमदान किया। कुण्ड में पॉलिथीन और बेकार सामग्री को हटाया गया। सफाई कार्य के दौरान नागरिकों को शहर के खूबसूरत छोटे तालाब को साफ रखने का संकल्प दिलाया गया। जन-अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान 30 जून तक निरंतर जारी रहेगा। परिषद के सहयोग से जिलेभर में नुक्कड़ नाटक एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिये जन-सामान्य में जल-स्त्रोतों को साफ रखने के प्रति जन-जागरूकता लायी जायेगी।

देवास जिले में कलेक्टर ऋतुराज सिंह और जिला पंचायत सीईओ हिमांशु प्रजापति की देख-रेख में जल गंगा संवर्धन अभियान में जल-स्त्रोतों की सफाई का कार्य हाथ में लिया गया है। ग्राम पंचायत ननासा में तालाब के गहरीकरण का कार्य किया गया। बागली विकासखण्ड की ग्राम पंचायत हैदरपुर में जन-सहयोग से नदी-नालों के गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। जन-अभियान परिषद के कार्यकर्ताओं ने धार जिले की ग्राम पंचायत तीसगाँव में प्राचीन बावड़ी की साफ-सफाई कर जन-सामान्य को स्वच्छता और जल संरक्षण का संदेश दिया।

### दिग्विजय सिंह पर रामेश्वर शर्मा का हमला, बोले-

## राम का चरित्र नहीं तो राम का सदाचार कैसे आएगा

**विजय मत, भोपाल**



रामनवमी के अवसर पर मध्य प्रदेश में सियासी बयानबाजी का पारा भी चढ़ गया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यंत्री दिग्विजय सिंह के रामनवमी पर शुभ्ज्ञकामनाएं देने के संदेश पर भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने पलटवार किया है। दरअसल दिग्विजय सिंह ने रामनवमी पर अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर देशवासियों को रामनवमी और दुर्गा नवमी की शुभकामनाएं दी। उन्होंने लिखा कि भगवान राम के आदर्शों को जीवन में अपनाने की बात की। इस पर भाजपा नेता और विधायक रामेश्वर शर्मा ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति में राम का चरित्र नहीं है, तो वह राम के सदाचार को कैसे अपना सकता है। उन्होंने दिग्विजय सिंह से पूछा कि यदि वे राम के चरित्र को स्वीकार नहीं करते तो राम का सदाचार उनके जीवन में कैसे आएगा। रामेश्वर शर्मा ने कहा, राम मंदिर से लेकर संगम स्नान तक कांग्रेस ने हमेशा हिंदू विरोधी रवैया अपनाया है। उन्होंने आगे कहा कि दिग्विजय सिंह को राम के चरित्र की सही समझ के लिए अयोध्या जाना चाहिए और वहां राम की जन्मभूमि पर माथा टेकना चाहिए। सरयू नदी में डूबकी लगाना चाहिए।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा जेयन ऑफसेट वर्क्स, 119 इनारा हाऊस रायसेन रोड भोपाल-462023 म.प्र. से मुद्रित एवं ई.एम.एस. 21 इंडस टाउन, होशंगाबाद रोड, मिसरोद, भोपाल म.प्र. से प्रकाशित, संपादक-सीता शुक्ला, प्रधान संपादक- विजय शुक्ला मो.-8889977997
आर.एन.आई.-पंजीयन नंबर MPHIN/2015/66998, (*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार) सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा। Email-vijaymat.bhopal@gmail.com